माघ शुक्ल - 14 संवत 2080 वर्ष - 11 अंक - 179 पृष्ठ - 8 रु. 5/- चेन्नई » बुधवार » 24-01-2024 www.dakshinbharat.com Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय टीम की कमान रोहित को

6 बालिकाएं गढ़ रही हैं सफलता के नवल आयाम

7 भले ही पाक आपत्ति करे, लेकिन सर्वविदित है कि सिंध अखंड भारत का हिस्सा था: मोहन




## फर्स्ट टेक

### अमेरिका के पास यूक्रेन के लिए और रकम नहीं

**वाशिंगटन/एपी।** रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन द्वारा अप्रैल 2022 में यूक्रेन का समर्थन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समूह की स्थापना के बाद अमेरिका यूक्रेन को आवश्यक गोला-बारूद और मिसाइल भेजने में असमर्थ है। कांग्रेस (अमेरिकी संसद) से बजट को मंजूरी मिलने और यूक्रेन की लड़ाई के लिए और अधिक धनराशि स्वीकृत करने की प्रतीक्षा के बीच, अमेरिका इस अंतर को पाटने के लिए सहयोगियों की ओर देख रहा है। अमेरिका लगभग 50 देशों की एक मासिक बैठक की मेजबानी करेगा।

### सुरक्षा स्थिति नियंत्रण में, घुसपैठ रोकना अब भी चुनौती

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर.आर. स्वैन ने मंगलवार को कहा कि सीमा पार से केंद्र शासित प्रदेश में घुसपैठ रोकना सुरक्षाबलों के लिए चुनौती बना हुआ है, लेकिन सुरक्षा स्थिति नियंत्रण में हैं। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा में आयोजित एक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम से इतर स्वैन ने संवाददाताओं से कहा, सुरक्षा स्थिति नियंत्रण में है। सुरक्षा का सबसे बड़ा पहलू कानून-व्यवस्था है। हमारा मानना है कि हम सड़कों आदि पर सार्वजनिक व्यवस्था को नियंत्रित करने में सक्षम हैं। डीजीपी ने कहा कि सीमा पार से घुसपैठ को रोकना सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बना हुआ है।

### ईडी ने केरल के निष्कासित भाकपा नेता की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरल में धनशोधन के एक मामले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के निष्कासित नेता एन. भासुरंगन और उनके परिवार के सदस्यों से जुड़ी एक करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह मामला तिरुवनंतपुरम में मारनल्लूर के कंडाला सेवा सहकारी बैंक में भासुरंगन के अध्यक्ष रहने के दौरान कथित अनियमितताओं से संबंधित है। नेता और उनके बेटे अखिलजीत जे.बी. को केंद्रीय एजेंसी ने ऋणदाता द्वारा दिए गए ऋण में अनियमितता के आरोप में पिछले साल नवंबर में कोच्चि से गिरफ्तार किया था।

| 24-01-2024 | 25-01-2024 |
| --- | --- |
| सूर्यास्त 6:05 बजे | सूर्योदय 6:35 बजे |

| BSE | NSE |
| --- | --- |
| 70,370.55 | 21,238.80 |
| (-1,053.10) | (-333.00) |

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 6,488 रु. | 77,200 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

# प्रभु श्रीराम के शाश्वत विचार भारत के गौरवशाली भविष्य का आधार हैं : मोदी

■ प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखे दो पन्नों के एक पत्र में यह बात कही।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनना उनके जीवन के 'सबसे अविस्मरणीय' क्षणों में था और वह वहां से एक अयोध्या अपने मन में भी लेकर लौटे हैं जो कभी उनसे दूर नहीं हो सकती।

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखे दो पन्नों के एक पत्र में यह बात कही।

पत्र की प्रति 'एक्स' पर साझा करते हुए मोदी ने कहा, दो दिन पूर्व मुझे आदरणीय राष्ट्रपति जी का एक बहुत ही प्रेरणादायी पत्र मिला था। मैंने आज अपनी कृतज्ञता पत्र के माध्यम से प्रकट करने का प्रयास किया है।



राष्ट्रपति मुर्मू ने प्राण प्रतिष्ठा से पहले रविवार को प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर कहा था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देश भर में जश्न का माहौल भारत की शाश्वत आत्मा की एक निर्बाध अभिव्यक्ति और देश के पुनरुत्थान में एक नए चक्र की शुरुआत है। इसके जवाब में मोदी ने लिखा, अयोध्या धाम में अपने जीवन के सबसे अविस्मरणीय क्षणों का साक्षी बनकर लौटने के बाद मैं आपको यह पत्र लिख रहा हूं। मैं एक अयोध्या अपने मन में भी लेकर लौटा हूं। एक ऐसी अयोध्या, जो कभी मुझसे दूर नहीं हो सकती। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति को उनकी शुभकामनाओं और स्नेह के लिए आभार जताया तथा कहा कि उन्होंने पत्र के हर शब्द में अपने करुणामयी स्वभाव और प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन पर असीम प्रसन्नता को व्यक्त किया।

मोदी ने कहा कि जिस समय उन्हें यह पत्र मिला था उस वक्त वह एक अलग ही 'भाव यात्रा' में थे और इस पत्र ने उन्हें उनके मन की भावनाओं को संभालने और उनमें सामंजस्य बिठाने में अपार सहयोग और संबल दिया।



# राम मंदिर में उमड़ा भक्तों का हुजूम

■ मंगलवार को करीब तीन लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


**अयोध्या/भाषा।** अयोध्या में नवनिर्मित राममंदिर में रामलला की नई मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के एक दिन बाद मंगलवार को जनता के लिए मंदिर के कपाट खोल दिए गए। मंदिर में दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा और उन्हें नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। इस दौरान हुई धक्का मुक्की में एक श्रद्धालु बेहोश हो गया। अनेक दर्शनार्थी सोमवार देर रात से ही कतार में लग गए थे।

राम मंदिर के कपाट आम जनता के लिए मंगलवार सुबह खुल गए। दिन चढ़ने के साथ भीड़ भी बढ़ने लगी और लोग मुख्य प्रवेश द्वार की ओर बढ़ने लगे।

भगवान राम के चित्र वाले झंडे लेकर और जय श्री राम के नारे लगाते हुए भक्त कड़ाके की ठंड में भव्य मंदिर के कपाट खुलने से घंटों पहले से इंतजार करते रहे।

पंजाब से आये भक्त मनीष वर्मा ने कहा, बहुत खुशी महसूस हो रही है, मेरे जीवन का उद्देश्य पूरा हो गया है। हमारे पूर्वजों ने इसके लिए संघर्ष किया और अब इसे साकार किया गया है। व्यवस्था इसी तरह जारी रहनी चाहिए और भगवान राम का नाम युगों-युगों तक कायम रहना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में सोमवार को अयोध्या स्थित मंदिर में रामलला की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मोदी ने इस मौके को एक नए युग के आगमन का प्रतीक करार देते हुए लोगों का मंदिर निर्माण से आगे बढ़कर अगले 1000 वर्षों के मजबूत, भव्य और दिव्य भारत की नींव रखने का आह्वान किया।



# पुलिस प्रणाली को आधुनिक बनाने पर काम कर रही है सरकार : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गांधीनगर/भाषा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को यहां कहा कि सरकार बुनियादी ढांचे में बदलाव किए बिना प्रौद्योगिकी का उपयोग करके पुलिस प्रणाली को आधुनिक बनाने की बड़ी चुनौती पर काम कर रही है।

नेशनल फोरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) में 'बिहेवियरल फोरेंसिक' पर एक सेमिनार में शाह ने कहा कि चूंकि प्रौद्योगिकी तेजी से बदल रही है, इसलिए पुलिस को अपराधियों से दो पीढ़ी आगे रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - के तहत सभी प्रणालियां लागू होने के बाद भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली अगले पांच वर्षों में दुनिया में सबसे उन्नत होगी।

शाह ने कहा, जब तक हम फोरेंसिक विज्ञान को न्यायिक प्रक्रिया के सभी हितधारकों के साथ एकीकृत नहीं करते, हमें लाभ नहीं होगा।

फोरेंसिक विज्ञान का उपयोग जांच, अभियोजन और न्याय के लिए किया जाना चाहिए। अब शिक्षा में फोरेंसिक विज्ञान को अपनाकर एक कदम आगे बढ़ने का समय आ गया है।

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, ऐसे में जब हम एक मजबूत आधार के साथ आजादी के 100 साल के सफर की ओर बढ़ रहे हैं, तो मैं अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में चार चुनौतियां देख सकता हूं। बुनियादी ढांचे को बदले बिना पूरी पुलिस प्रणाली में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करके इसे एक आधुनिक पुलिस प्रणाली बनाना हमारे सामने एक बड़ी चुनौती है।

## कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान



**नई दिल्ली/वार्ता।** भारतीय जनता पार्टी नीत केन्द्र सरकार ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बिहार में अपने समय के दिग्गज नेता रहे और पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देश का सबसे सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की। राष्ट्रपति भवन ने देर शाम एक वक्तव्य जारी कर कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान देने का ऐलान किया है।

कूनो राष्ट्रीय उद्यान में

## नामीबियाई चीता ने तीन शावकों को जन्म दिया

**भोपाल/नई दिल्ली/भाषा।** मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में एक नामीबियाई चीता ने तीन शावकों को जन्म दिया है। इससे कुछ हफ्तों पहले एक अन्य चीता ने तीन शावकों को जन्म दिया था। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह खबर साझा करते हुए कहा, कूनो के नए शावक! नामीबियाई चीता ज्वाला ने तीन शावकों को जन्म दिया है। इससे कुछ हफ्तों पहले नामीबियाई चीता आशा ने तीन शावकों को जन्म दिया था। उन्होंने पोस्ट में कहा, अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले सभी वन्यजीव योद्धाओं और देशभर के वन्यजीव प्रेमियों को बधाई। भारत का वन्य जीवन समृद्ध हो। अधिकारियों ने बताया कि ज्वाला ने 20 जनवरी को इन शावकों को जन्म दिया। 10 महीने के अंतराल में दूसरी बार ज्वाला ने शावकों को जन्म दिया है।

# सीआईएसएफ के 140 कर्मियों की टुकड़ी संसद भवन की सुरक्षा के लिए तैनात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** संसद में बजट सत्र के दौरान आगंतुकों और उनके सामान की जांच के लिए नई व्यवस्था के तहत संसद परिसर में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 140 कर्मियों की टुकड़ी तैनात की गई है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले महीने संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की थी जिसके बाद सीआईएसएफ कर्मियों की तैनाती को मंजूरी दी गई थी। सीआईएसएफ के 140 कर्मियों ने सोमवार को संसद भवन परिसर की सुरक्षा का जिम्मा संभाल लिया। 13 दिसंबर को कुछ लोग संसद में घुस गए थे और वहां रंगीन धुआं फैला दिया था।

सूत्रों ने पीटीआई-भाषा से कहा कि वे आगंतुकों और उनके सामान की तलाशी लेंगे तथा भवन की सुरक्षा का जिम्मा भी संभालेंगे।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### कूढ़ मगज़


निशाचरों ने कब देखी है,
राम चरित की धूप।
विकृति की कर रहे प्रशंसा,
कह कर उसे अनूप।
सागर सा उदात्त समझते,
खुद को छिछले कूप।
धूमिल करते कूढ़ मगज़ सब,
राम लला का रूप।

इजराइली सेना पर अब तक के सबसे घातक हमले में

# गाजा में 21 इजराइली सैनिकों की मौत

**यरूशलम/एपी।** इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद गाजा पट्टी में छिड़ी जंग के बाद अब तक के सर्वाधिक घातक हमले में उसके 21 सैनिकों की मौत हो गई है। यह युद्ध शुरू होने के बाद से सेना को पहुंची एक बड़ी क्षति है जिससे संघर्ष विराम की मांग बढ़ सकती है। इसके घंटों बाद, सेना की ओर से घोषणा की गई कि उसके सैनिकों ने गाजा के दूसरे सबसे बड़े दक्षिणी शहर खान यूनिस को घेर लिया है। खान यूनिस में हाल के दिनों में भारी लड़ाई में दर्जनों फलस्तीनी हताहत हुए हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सैनिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया, लेकिन हमास पर 'पूरी तरह जीत हासिल करने तक' तक आक्रामक कार्रवाई जारी रखने की कसम खाई। उन्होंने गाजा में बंधक बनाए गए 100 से अधिक बंधकों को वापस लाने का भी वादा किया है।

लेकिन इजराइली इस सवाल पर बंटे हुए हैं कि क्या ऐसा करना संभव है और बड़ी संख्या में इजराइली लोगों के हताहत होने से इजराइली सरकार पर पिछले सैन्य अभियानों को रोकने का दबाव है। मिस्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बीच कहा है कि इजराइल ने दो महीने के संघर्ष विराम का प्रस्ताव दिया है जिस दौरान इजराइल द्वारा कैद किए गए हमास के शीर्ष नेताओं और फलस्तीनी बंदियों को रिहा करने के बदले बंधकों को मुक्त कराया जाएगा और उन्हें अन्य देशों में रहने की अनुमति दी जाएगी।



# सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय कृत्रिम मेधा कार्यक्रम के लिए मंत्रिमंडल से मंजूरी लेगा: राजीव चंद्रशेखर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को कहा कि उनका मंत्रालय देश के कृत्रिम मेधा (एआई) कार्यक्रम के लिए मंत्रिमंडल की मंजूरी लेगा। इसमें 10,000 करोड़ रुपए से अधिक के व्यय के साथ सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत जीपीयू आधारित सर्वर की स्थापना शामिल है।

सरकार ने कृत्रिम मेधा पर कार्यसमूहों का गठन किया था। यह समूह शुक्रवार को 24,500 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) को शामिल करते हुए त्रि-स्तरीय




कंप्यूट ढांचागत सुविधाएं स्थापित करने की सिफारिश की। चंद्रशेखर ने सेमीकंडक्टर केंद्रित सॉफ्टवेयर कंपनी सिनोप्सिस के उद्घाटन के मौके पर अलग से बातचीत में कहा, भारत का एआई कार्यक्रम 10,000 करोड़ रुपए से अधिक का है। इस प्रस्ताव को मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल में ले जाया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि एआई कार्यक्रम सार्वजनिक-निजी भागीदारी पर आधारित होगा। इसके तहत निजी डेटा केंद्रों के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र के सीडैक संचालित डेटा केंद्रों में कंप्यूटर बुनियादी ढांचा क्षमता का निर्माण किया जाएगा। ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट यानी जीपीयू आधारित सर्वर की मांग बढ़ गई है। यह सीपीयू आधारित सर्वर की तुलना में अधिक गति से आंकड़ों का प्रसंस्करण कर सकता है। वर्तमान में, अमेरिका और चीन एआई प्रौद्योगिकी के विकास के लिए आवश्यक कंप्यूटिंग बुनियादी ढांचे में आगे हैं।

कृत्रिम मेधा पर गठित कार्यसमूहों ने 3,000 एआई पेटाफ्लॉप्स कंप्यूटिंग क्षमता के साथ पांच स्थानों पर अत्याधुनिक एआई कंप्यूट इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने की सिफारिश की है। यह वर्तमान में स्थापित उच्चतम क्षमता से 15 गुना अधिक है। सरकार राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन के तहत 24 पेटाफ्लॉप कंप्यूट क्षमता स्थापित करने के लिए पिछले आठ साल में 1,218.14 करोड़ रुपए खर्च कर चुकी है।

## भारतीय कंपनियों को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने का भरोसा: सर्वे

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय कंपनियों को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने का भरोसा है। डेलॉयट टच तोहमात्सू इंडिया एलएलपी के बजट से पहले किए गए एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। भारतीय उद्योग जगत ने कहा कि बुनियादी ढांचे में निवेश, अतिरिक्त सुधार और उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए केंद्र सरकार से मिल रहे समर्थन के बल पर उन्हें यह भरोसा है।

डेलॉयट ने बयान में कहा कि कारोबारी हस्तियों को अगले वित्त वर्ष में मजबूत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद है और लगभग 50 प्रतिशत को भरोसा है कि देश वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करेगा।

उद्योग में क्षेत्रवार बात करें तो ऑटोमोटिव (50 प्रतिशत), उपभोक्ता और खुदरा (66 प्रतिशत), प्रौद्योगिकी, मीडिया और दूरसंचार (47 प्रतिशत) और ऊर्जा, संसाधन और औद्योगिक क्षेत्र (44 प्रतिशत) को उच्च वृद्धि की उम्मीद है।



# कानजी स्वामी के प्रवचन-आचरण और ज्ञान का लाभ कई लोगों को मिला: शाह

### अमित शाह ने गुजरात के सोनगढ़ में आदिनाथ दिगंबर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव को संबोधित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भावनगर/दक्षिण भारत।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को गुजरात के भावनगर के सोनगढ़ में श्रीआदिनाथ दिगंबर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव को संबोधित किया। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

शाह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में लगभग 550 साल से प्रतीक्षित राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का अनुष्ठान किया। उन्होंने कहा कि पवित्र सोनगढ़ धाम में कानजी स्वामी ने न केवल जैन बल्कि, अन्य संप्रदाय के लोगों के जीवन में प्रकाश फैलाया था।

शाह ने कहा कि जीवन में अनेक चीज़ें प्राप्त करने का रास्ता मिलने के बावजूद अगर व्यक्ति को मोक्ष प्राप्ति का रास्ता न मिले, तो जीवन के अंत में सब अधूरा और अपर्याप्त लगेगा। शाह ने कहा कि सबको मोक्ष नहीं मिल सकता, लेकिन इसे प्राप्त करने के रास्ते की जानकारी और उस पर चलने का प्रयत्न जीवन का कल्याण करने वाला होता है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 19 जनवरी से शुरू हुआ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव 26 जनवरी तक चलेगा और उसी दिन अभिषेक होगा। शासन के जिन सिद्धांतों के आधार पर इस तीर्थ को विकसित किया गया है, वही सच्चे अर्थ में कानजी स्वामी को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है। इस पूरे क्षेत्र में कानजी स्वामी के प्रवचन-आचरण और ज्ञान का लाभ कई लोगों को मिला। शाह ने कहा कि आज पंचकल्याणक में गर्भ कल्याणक, जन्म कल्याणक और दीक्षा कल्याणक की तीन विधियां पूर्ण हुई हैं और अब ज्ञान कल्याणक एवं मोक्ष कल्याणक समाप्त होने के बाद अभिषेक होगा।

उन्होंने कहा कि पंचकल्याणक महोत्सव हर प्राणी के जीवन में पांच स्तर की यात्रा को बोध देने वाला है। जन्म लेकर जब तक गुरु न मिले, तब तक कैसे जीवन जीना है और जब गुरु मिले तब गुरु के मार्गदर्शन में दीक्षा तक का रास्ता कैसे प्रशस्त हो, यह जन्म कल्याणक बताता है। इसी प्रकार, दीक्षा कल्याणक का विचार यह बताता है कि दीक्षा जीवन से अपना और दूसरों के जीवन का उद्धार कैसे किया जाए। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे धर्म विधि की पूरी प्रक्रिया के मर्म को समझने की कोशिश करें, तभी जीवन कल्याण के रास्ते पर आगे बढ़ सकेंगे।

शाह ने कहा कि सिद्ध पुरुष कानजी स्वामी ने अपने तप से इस पवित्र भूमि को सिद्ध किया है और उनका संदेश हमेशा चिरंजीव रहेगा। एक तीर्थस्थान बनाने के पीछे लक्ष्य होता है कि भगवान और गुरु के सिद्धांतों को कई सालों तक याद रखा जाए।

उन्होंने कहा कि लगभग एक हजार साल पहले कर्नाटक में प्रतिमा बनी और सोनगढ़ में उसके एक हजार साल बाद 41 फुट ऊंची, 200 टन वजनी और 50 फुट की कृत्रिम पहाड़ी पर प्रतिमा स्थापित की गई है।

सोनगढ़ आनेवाले दिनों में गुजरात के आध्यात्मिक केन्द्रों में बड़े महत्त्व का स्थान बनेगा। शाह ने कहा कि कानजी स्वामी ने अपने जीवन के चार दशकों में 66 दिगंबर जैन मंदिरों और केन्या के नैरोबी में भी एक मंदिर की स्थापना की। कानजी स्वामी के अनुयायियों ने आज यहां एक बहुत बड़ा तीर्थ स्थान बनाने का काम किया है।

## बाला साहब ने सिखाया कि कैसे कठिनाइयों के बाद भी अपनी विचारधारा के प्रति अडिग रहा जाता है: शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को शिवसेना के संस्थापक बाला साहब ठाकरे को 'प्रखर राष्ट्रवादी नेता' बताया और उनकी जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन के माध्यम से उन्होंने सिखाया है कि संघर्षों व कठिनाइयों के बाद भी कैसे अपनी विचारधारा और राष्ट्रहित के प्रति अडिग रहा जाता है।

बाला साहब ठाकरे का जन्म 23 जनवरी 1926 को हुआ था। उन्होंने 1966 में शिवसेना की स्थापना की थी। बाला साहब की मृत्यु के बाद उनके पुत्र उद्धव ठाकरे पार्टी की कमान संभाल रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रखर राष्ट्रवादी नेता आदरणीय बालासाहेब ठाकरे जी की जयंती पर उन्हें नमन करता हूं। बालासाहेब ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन के माध्यम से सबको सिखाया कि



अनेक संघर्षों और कठिनाइयों के बाद भी कैसे अपनी विचारधारा और राष्ट्रहित के प्रति अडिग रहा जाता है। अपनी निर्भीकता व स्पष्टवादिता के लिए वे सदैव हमारी स्मृति में रहेंगे।

शिवसेना लंबे समय तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा रही लेकिन मतभेदों के बाद साल 2019 में यह गठबंधन टूट गया। इसके बाद शिवसेना ने कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर राज्य में सरकार बनाई और उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने।

बाद में शिवसेना में फूट पड़ गई जिससे उद्धव ठाकरे की सरकार गिर गई और एकनाथ शिंदे की अगुवाई में अलग हुए गुट ने भाजपा के समर्थन से राज्य में सरकार बनाई।

## प्रत्येक रामभक्त भाजपा का समर्थक नहीं: शशि थरूर



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य और सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि प्रत्येक 'रामभक्त' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का समर्थक नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने सवाल किया कि उन्हें या उनकी पार्टी को भगवान राम को भाजपा के भरोसे क्यों छोड़ देना चाहिए।

तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने कहा कि उनके जैसे अनेक लोग भगवान राम के भक्त हैं और यदि भविष्य में वह अयोध्या में राम मंदिर जाएंगे तो अपनी श्रद्धा व्यक्त करने जाएंगे, किसी को आहत नहीं करने नहीं। उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्षता का अर्थ धर्म हीनता नहीं है यानी सभी अपनी पसंद के धर्म का अनुसरण कर सकते हैं। थरूर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर भगवान राम से संबंधित अपने कई पोस्ट को लेकर स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के बाद यहां संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

प्रदर्शनकारियों ने थरूर के खिलाफ नारे लगाए और उन्हें 'बेशर्म' करार दिया। उनके हाथों में बैनर और पोस्टर थे जिन पर लिखा था, शशि थरूर आप एक लोकतांत्रिक धर्मनिरपेक्ष राज्य के लिए कलंक हैं''। थरूर ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठित भगवान राम की मूर्ति की एक तस्वीर सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट की थी और साथ में 'सियावर राम की जय' संदेश लिखा था। उन्होंने कहा कि वह अपने पोस्ट के माध्यम से श्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा और राम की जय करते समय सीताजी को याद नहीं करने के बारे में अपना संदेश व्यक्त करना चाहते थे।



## सैनिकों को वापस ले जाने आया म्यामांर का विमान मिजोरम हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त, आठ लोग घायल

**आइजोल/भाषा।** म्यामांर का एक सैन्य विमान मंगलवार को आइजोल के बाहरी इलाके में स्थित लेंगपुई हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह छोटा विमान म्यामांर के उन सैनिकों को वापस ले जाने के लिए यहां आया था, जो एक जातीय विद्रोही समूह के साथ मुठभेड़ के बाद सीमा पार कर पिछले सप्ताह भारत आ गए थे। अधिकारियों ने बताया कि सुबह 10 बजकर 20 मिनट पर हुए हादसे के वक्त विमान में 14 लोग सवार थे, जिसमें से आठ घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि विमान उतरते समय हवाईअड्डे के टेबलटॉप रनवे से आगे निकल गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना इतनी भीषण थी कि विमान दो हिस्सों में टूट गया। अधिकारियों के मुताबिक, घायलों को उपचार के लिए लेंगपुई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले की जांच के आदेश दिए। अधिकारी ने बताया, हवाई अड्डे पर आने वाली सभी उड़ानों के मार्ग परिवर्तित कर दिए गए। आने-जाने वाली उड़ान सेवा कब बहाल होगी फिलहाल जानकारी नहीं है। उम्मीद है कि यहां आने-जाने वाले यात्रियों, विशेषरूप से चिकित्सा संबंधी आपात स्थिति वाले लोगों के लिए विमान सेवा जल्द से जल्द शुरू होगी।

## प्रकाश जावड़ेकर ने एलडीएफ और यूडीएफ पर लगाया 'पाखंड' का आरोप, कहा कि भारत बदल गया है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता प्रकाश जावड़ेकर ने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की आलोचना करने को लेकर केरल राज्य की सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) पर निशाना साधते हुए मंगलवार को दोनों दलों पर 'पाखंड' करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा, भारत बदल गया है।

माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी यूडीएफ दोनों ने सोमवार को अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को सरकार द्वारा प्रायोजित



कार्यक्रम में बदलने के लिए भाजपा की आलोचना की थी।

जावड़ेकर ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम नहीं था बल्कि इस कार्यक्रम का आयोजन जनता से दान प्राप्त कर श्री राम मंदिर का निर्माण कराने वाले ट्रस्ट ने किया था।

जावड़ेकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत बदल गया है। लेकिन, आप नहीं...। एलडीएफ और कांग्रेस दोनों पाखंडी हैं। लोग आपको माफ नहीं करेंगे, लेकिन आपको भूल जाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सोमवार को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से संबंधित अनुष्ठानों में भाग लेने के तुरंत बाद केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू अक्सर कहा करते थे कि भारत की धर्मनिरपेक्षता का अर्थ धर्म और राज्य को अलग-अलग रखना है।

वहीं कांग्रेस नेता और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीसन ने कहा कि चुनावी लाभ के लिए आस्था को राजनीति से जोड़ना संविधान और लोकतंत्र के सार पर सवाल उठाता है।

## जौहरी से 1.9 करोड़ रु. के सोने की ठगी, एक के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे/भाषा।** नवी मुंबई में एक जौहरी से 1.9 करोड़ रुपए के सोने की धोखाधड़ी करने के आरोप में आभूषण की एक दुकान के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि एक शिकायत के आधार पर, पुलिस ने सोमवार को मुंबई के झवेरी बाजार में आभूषण की दुकान के मालिक रंजीतसिंह भवरसिंह सिसोदिया के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 406 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत मामला दर्ज किया। कामोटे के एक जौहरी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसने पिछले साल अक्टूबर में आभूषण बनाने के लिए सिसोदिया को 1.9 करोड़ रुपए मूल्य का 3.8 किलोग्राम सोना दिया था। उन्होंने बताया कि आरोपी ने बाद में दावा किया कि राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने उसकी दुकान पर छापा मारा था। अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने पूछताछ की तो पता चला कि ऐसी कोई छापेमारी नहीं हुई थी। जब शिकायतकर्ता ने सिसोदिया से अपना सोना वापस करने के लिए कहा, तो उसने उसे गोलमोल जवाब दिया, जिसके बाद उसने पुलिस से संपर्क करने का फैसला किया। अधिकारी ने बताया कि मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## मध्य अंडमान के बाजार में लगी भीषण आग, करीब 50 दुकानें खाक

**पोर्ट ब्लेयर/भाषा।** मध्य अंडमान के रंगत बाजार में सोमवार देर रात भीषण आग लग गई जिससे लगभग 50 दुकानें जलकर खाक हो गईं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

रंगत के उप-संभागीय पुलिस अधिकारी राहुल नायर ने कहा, हमें आग लगने के बारे में देर रात एक बज कर करीब 15 मिनट पर फोन आया। हम तुरंत पांच दमकल गाड़ियों के साथ वहां पहुंचे, लेकिन बाजार में लकड़ी की संरचनाओं के कारण आग तेजी से फैल गई। उन्होंने कहा, आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। मैं दुकानदारों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

मध्य अंडमान जिले के मुख्य बाज़ारों में से एक रंगत बाजार 70 वर्ष से अधिक पुराना है।

## उद्धव ने रामायण के पात्र बाली का उल्लेख कर शिंदे पर साधा निशाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नासिक/भाषा।** शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर परोक्ष तौर पर निशाना साधने के लिए मंगलवार को महाकाव्य रामायण के एक पात्र राजा बाली का उल्लेख किया और शिंदे पर पार्टी को चुराने का आरोप लगाया।

ठाकरे ने नासिक शहर में पार्टी के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए शिवसेना के कार्यकर्ताओं से ''गद्दारों को राजनीतिक रूप से खत्म'' करने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा, हर किसी को यह समझना होगा कि भगवान राम ने वानर राजा बाली को क्यों मारा था। हमें आज के बाली को भी (राजनीतिक रूप से) खत्म करना होगा जिसने हमारी शिवसेना ले ली है। इस बाली को (राजनीतिक रूप से) समाप्त करने का संकल्प लें जिसने हमारी शिवसेना ले ली है। ठाकरे ने कहा, हम निश्चित रूप से उन सभी का राजनीतिक रूप से खात्मा करेंगे जिन्होंने हमारी शिवसेना को चुरा लिया, भगवा ध्वज और उसके रक्षकों को धोखा दिया। ठाकरे ने कहा कि शिवसैनिक भगवान राम का मुखौटा पहने हुए रावणों के मुखौटे फाड़ देंगे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, भगवान राम किसी एक पार्टी की संपत्ति नहीं हैं। अगर आप ऐसा सोचते हैं तो हमें 'भाजपा मुक्त श्रीराम' बनाना होगा।

## हरियाणा में गठबंधन की नहीं बल्कि 'घोटालों' की सरकार चल रही : हुड्डा

**भिवानी(हरियाणा)/भाषा।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राज्य में भाजपा-जजपा की गठबंधन सरकार नहीं बल्कि 'घोटालों' की सरकार चल रही है।



हरियाणा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हुड्डा ने यह टिप्पणी सालासर धाम जाते समय संवादाताओं से बातचीत में की। हुड्डा ने संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जननायक जनता पार्टी (जजपा) की गठबंधन सरकार अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के बजाय लगातार 'घोटालों' को अंजाम दे रही है। उन्होंने दावा किया कि हजारों करोड़ रुपए का खनन घोटाला, नौकरियों की खरीद-फरोख्त, शराब, सफाई, नगर निगम, बिजली मीटर खरीद, धान-बाजरा खरीद, आयुष्मान योजना व अमृत योजना समेत अनगिनत घोटाले उजागर हो चुके हैं। हुड्डा ने कहा, लेकिन किसी भी मामले में ना उचित जांच हुई और ना ही किसी पर कार्रवाई। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार खुद घोटाले और घोटालेबाजों को संरक्षण दे रही है।

# समुद्री शैवाल खेती से रोजगार के साथ ही जलवायु संकट के समाधान की भी संभावना : प्रो. साहू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** ओडिशा में स्थित एशिया की खारे पानी की सबसे बड़ी झील, चिल्का झील में समुद्री शैवाल खेती पर शोधरत वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. दीनबंधु साहू का कहना है कि शैवाल खेती बेरोजगारी संकट के समाधान के साथ ही पर्यावरणीय संकट से निपटने में भी मददगार साबित हो सकती है। दिल्ली विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर दीनबंधु साहू ने कहा कि उन्होंने शैवाल की खेती को बढ़ावा देने के लिए अशोक चक्र के समान एक पहिया डिजाइन किया है जिसे इंडियन सी वीड्स व्हील कहा जाता है और इसमें 24 तीलियां लगी हैं तथा इसका व्यास 24 फुट का है।

साहू एशिया की चिल्का झील (ओडिशा) में शैवाल की ग्रासिलारिया प्रजाति पर काम कर रहे हैं जहां उन्होंने करीब 100 लोगों को इसकी खेती का प्रशिक्षण दिया है। साहू ने पीटीआई-भाषा के साथ शैवाल खेती की नई तकनीक को साझा करते हुए कहा कि चक्र की तीलियों में शैवाल के पौधों को बांध कर कमर और सीने तक के पानी में उतरकर डुबोया जाता है और 45 दिन तक इसे पानी अंदर



छोड़ दिया जाता है। उन्होंने कहा, अगर आप 50 ग्राम का पौधा लगाते हैं तो यह 45 दिन में एक किलोग्राम का हो जाता है। इसमें कोई दवाई या खाद आदि नहीं डाली जाती है। उन्होंने कहा कि समुद्री शैवाल (सीवीड्स) की खेती को बढ़ावा देने से न सिर्फ तटों के आसपास रहने वाले लोगों के लिए रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि यह भविष्य में जैविक खाद और बायोएथेनॉल की जरूरतों को पूरा करने में भी मददगार होगा। उनका कहना है कि शैवाल की खेती जलवायु परिवर्तन को रोकने में भी कारगर साबित हो सकती है क्योंकि शैवाल एक पेड़ की तुलना में प्रति हेक्टेयर चार गुणा ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करता है।

समुद्री शैवाल की खेती की वाणिज्यिक संभावनाओं संबंधी सवाल पर साहू ने बताया कि समुद्री शैवाल का उपयोग भोजन, मवेशियों के चारे, जैव उर्वरक और जैव ईंधन के स्रोत के रूप में किया जाता है। इसके साथ ही टूथ पेस्ट, आइसक्रीम, टमाटर केचप, चॉकलेट, कपड़ा छपाई, जैव प्लास्टिक और कागज निर्माण आदि में भी किया जाता है।

समुद्री शैवाल से रोजगार के अवसरों को जोड़ने के लिए उन्होंने कहा कि जब तक उद्योग आगे नहीं आएंगे तब तक इसका बड़े पैमाने पर उत्पादन नहीं होगा।

भारत में 7500 किलोमीटर की समुद्री तटरेखा है और प्रो साहू का कहना है कि शैवाल की खेती करने से रोज़गार बढ़ेगा। उनका कहना है कि एक हेक्टेयर पानी में शैवाल की खेती करके 10 से 20 हजार रुपए की मासिक आमदनी प्राप्त की जा सकती है।

# जल स्थिरता पर अखिल भारतीय सचिवों का सम्मेलन महाबलीपुरम में आयोजित हुआ






दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** देश की जल सुरक्षा को मजबूत करने के मुख्य उद्देश्य से 23 और 24 जनवरी, 2024 को महाबलीपुरम में दो दिवसीय 'जल विजन 2047-वे अहेड' पर अखिल भारतीय सचिव सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में 32 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश, 30 सचिव और 300 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जो 5 व 6 जनवरी को भोपाल में आयोजित जल पर प्रथम अखिल भारतीय वार्षिक राज्य मंत्रियों के सम्मेलन की 22 सिफारिशों पर अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं और की गई कार्रवाई को साझा कर रहे हैं।

प्रधान मंत्री ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया है। सचिवों के दस क्षेत्रीय समूह (एसजीओएस) यथार्थवादी समय सीमा और मील के पत्थर निर्धारित करते हुए योजना का खाका तैयार कर रहे हैं। सचिवों के क्षेत्रीय समूह के निर्देश पर, प्रत्येक मंत्रालय ने अपने क्षेत्र से संबंधित एक विज़न दस्तावेज़ तैयार किया है। जल शक्ति मंत्रालय ने 5 और 6 जनवरी, 2023 को भोपाल में जल विजन 2047 विषय पर राज्य के जल मंत्रियों का एक सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में आगे की कार्रवाई के लिए 22 सिफ़ारिशों पर सहमति बनी। उक्त 22 अनुशंसाएं शामिल हैं पीने के पानी और उसके स्रोत की स्थिरता को प्राथमिकता देना, जलवायु लचीलेपन का निर्माण करना, मांग और आपूर्ति दोनों पक्षों का प्रबंधन, बड़े और छोटे दोनों स्तरों पर जल भंडारण को बढ़ाना, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग, जल उपयोग की दक्षता बढ़ाना, जल संरक्षण कार्यक्रमों को तेज करना हर स्तर पर, नदियों को आपस में जोड़ने को प्रोत्साहित करना, नदी के स्वास्थ्य की निगरानी करना और पर्यावरणीय प्रवाह को बनाए रखना, उचित बाढ़ प्रबंधन उपाय करना और ये सभी हस्तक्षेप लोगों की बढ़ी हुई भागीदारी के साथ हैं। यह सम्मेलन कार्रवाई में तेजी लाने के लिए इन सिफारिशों पर अमल करता है।

यह सम्मेलन जल प्रबंधन के क्षेत्र में पाँच विषयगत सत्रों में विभाजित है। पहला जलवायु लचीलेपन पर केंद्रित विषयगत सत्र, हमारे जल संसाधनों पर बदलती जलवायु के प्रभावों को अपनाने और कम करने की तात्कालिकता को रेखांकित करता है। दूसरा सत्र, जल प्रशासन, सहयोगात्मक निर्णय लेने के लिए प्रभावी नीतियों, कानूनी और संस्थागत ढांचे की आवश्यकता को स्वीकार करता है। तीसरे सत्र में, जल उपयोग दक्षता केंद्र स्तर पर है। विभिन्न क्षेत्रों में पानी की बढ़ती मांग के साथ, हमारे जल उपयोग का अनुकूलन सर्वोपरि है। हमारा चौथा थीम, जल प्रबंधन में जलाशयों और अन्य भंडारण तंत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानती है।

अंत में, लोगों की भागीदारी एक प्रमुख विषय के रूप में उभरती है जो समुदायों को सक्रिय रूप से शामिल करके समावेशी निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाती है। इस सम्मेलन में इन विषयगत क्षेत्रों पर कुल मिलाकर 30 अनुकूलित प्रस्तुतियाँ दी जा रही हैं जिनमें राज्यों द्वारा की गई विभिन्न पहलों का वर्णन किया जाएगा।

क्यूरेटेड प्रकाशन का एक डिजिटल संग्रह इस सम्मेलन का विशेष आकर्षण रहा है जिसमें सम्मेलन के पांच विषयों पर पानी से संबंधित मुद्दों से संबंधित 150 से अधिक प्रासंगिक प्रकाशनों, शोध निष्कर्षों और साहित्य का सावधानीपूर्वक चयन, संगठन और प्रस्तुति शामिल है। जल दृष्टिकोण 2047 को प्राप्त करने की यात्रा में उद्योगों के साथ प्रभावी ढंग से सहयोग करने के अवसर की खोज के लिए इस सम्मेलन के अंत में उद्योगों के सचिवों और सीईओ का एक गोलमेज सम्मेलन भी आयोजित किया जा रहा है।

बैठक — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में मंगलवार को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सचिवालय में अपने कैबिनेट मंत्रिमंडल के साथ बैठक की अध्यक्षता की।



## स्टालिन ने भाजपा, रवि, सीतारमण पर साधा निशाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम.के.स्टालिन ने सोमवार शाम को अयोध्या राम मंदिर प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण और समारोहों पर कथित रोक को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), राज्यपाल आर.एन.रवि और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर निशाना साधा।

सेलम में आयोजित द्वितीय युवा विंग सम्मेलन की सफलता पर पार्टी कार्यकर्ताओं को लिखे एक पत्र में उन्होंने कहा कि उच्च पदों पर बैठे भाजपा नेताओं के लिए गैर-जिम्मेदाराना तरीके से व्यवहार करना और मुख्यधारा की मीडिया के माध्यम से अफवाहें फैलाना एक आदत बन गई है। श्रीमती सीतारमण और श्री रवि का जिक्र करते हुए, उन्होंने कहा, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से लेकर तमिलनाडु में भाजपा में से कोई भी इसका अपवाद नहीं है। उन्होंने इस आरोप का जोरदार खंडन किया कि हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती (एचआर एंड सीई) विभाग के नियंत्रण वाले मंदिरों में अन्नधनम और विशेष पूजा पर प्रतिबंध था।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा में उच्च पदों पर बैठे लोग संविधान का सम्मान किए बिना काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अफवाहें फैलाकर वे व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने इसकी निंदा की है और वह इसका स्वागत कर रहे हैं।

स्टालिन ने कहा कि एचआर एंड सीई मंत्री पी.के. शेखरबाबू ने इस आरोप का खंडन किया था। उन्होंने कहा, उन्होंने कभी भी संविधान का सम्मान नहीं किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु के सच्चे भक्त अपनी भक्ति को व्यक्तिगत विश्वास, आध्यात्मिक तलाश और आंतरिक खुशी की खोज के रूप में मानेंगे। उन्होंने कहा, वे भगवान पेरुमल की पूजा करते हैं और पेरियार के सिद्धांतों का पालन करते हैं। वे अन्य धर्मों का सम्मान करते हैं। भाजपा नेता सद्भाव और शांति को बाधित करना चाहते हैं। आइए हम उन्हें फटकार लगाने वाले उच्च न्यायालय के आदेश का स्वागत करें।

## डॉ. एमजीआर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर अपनी तरह का पहला एसी एक्ज़ीक्यूटिव लाउंज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** यहां डॉ. एमजीआर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लाभ के लिए अपनी तरह की पहली एक्ज़ीक्यूटिव लाउंज सुविधा खोली गई है। डॉ. एमजीआर सेंट्रल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 के पास मुख्य चौराहे पर स्थित, एक्जीक्यूटिव लाउंज हवाई अड्डे जैसी सुविधाओं और नई सुविधाओं से सुसज्जित है। इसका ठेका मैसर्स टेन 11 हॉस्पिलिटी को आगामी 5 वर्ष के लिए 17.75 करोड़ में दिया गया। आधुनिक वातानुकूलित एग्जीक्यूटिव लाउंज में लगभग 180 यात्रियों को समायोजित करने के लिए डिज़ाइन किए ए कार्यकारी लाउंज में व्यक्तिगत आराम के लिए



112 सिंगल सोफे और 10 रिक्लाइनर हैं। इसके अतिरिक्त, अकेले यात्रियों और परिवारों दोनों के लिए 18 सिंगल स्लीपिंग पॉड और 4 डबल स्लीपिंग पॉड हैं।

34 डाइनिंग कुर्सियों से सुसज्जित विशाल भोजन क्षेत्र, यात्रियों को पेय सह स्नैक स्टॉल का आनंद लेने के लिए एक आकर्षक स्थान प्रदान करता है। विविध प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए, शाकाहारी और मांसाहारी दोनों विकल्पों की पेशकश करने वाला एक चक्रीय बुफे उपलब्ध कराया गया है, जो सभी यात्रियों के लिए एक आनंददायक भोजन अनुभव सुनिश्चित करता है। एक्ज़ीक्यूटिव लाउंज में सज्जनों और महिलाओं के लिए अलग-अलग टॉयलेट हैं, जो स्नान करने और कपड़े बदलने के लिए विशेष स्थान प्रदान करते हैं। सामान रखने के लिए रैक की व्यवस्था की गई है। निःशुल्क वाई-फाई और चाय/कॉफी के साथ एक घंटे के प्रवास के लिए प्रवेश शुल्क 200 रुपये है। पानी की बोतल, विशेष स्वागत पेय, वाई-फाई, कंबल, तकिया और चादर के प्रावधान के साथ 3 घंटे के लिए एक स्लीपिंग पॉड का प्रवेश शुल्क 840 रुपये है। शुल्क सुविधाओं/अवधि के अनुसार अलग-अलग होता है और चक्रीय बुफे के साथ पैकेज के रूप में भी आता है। इस आधुनिक सुविधा से आने वाले और बाहर जाने वाले दोनों यात्रियों को स्टेशन पर अपने छोटे प्रवास के दौरान आराम करने, आराम करने और तरोताजा होने का लाभ मिलेगा।

## भारत इनोवेटिव ग्लास टेक्नोलॉजीज ने तमिलनाडु में 1,003 करोड़ रु. के निवेश की प्रतिबद्धता जताई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** अमेरिका स्थित भारत इनोवेटिव ग्लास टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने तमिलनाडु में 1,003 करोड़ रुपये की लागत से एक नई सुविधा स्थापित करने की योजना बनाई है। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन की मौजूदगी में कंपनी ने इस संबंध में तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

भारत इनोवेटिव ग्लास टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (बीआईजी टेक) ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम लिमिटेड और कॉर्निंग इंटरनेशनल कॉरपोरेशन के बीच एक संयुक्त उद्यम है। न्यूयॉर्क स्थित 172 वर्षीय पुरानी कॉर्निंग इंटरनेशनल ने मोबाइल फोन, टैबलेट और लैपटॉप जैसे पोर्टेबल उपकरणों में व्यापक रूप से इस्तेमाल किए जाने वाले कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास पेश किया है। कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास आसानी से नहीं टूटता। वर्तमान में आठ अरब से अधिक उपकरणों में इसका इस्तेमाल किया जाता है। भारत इनोवेटिव ग्लास टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अशोक कुमार गुप्ता ने स्टालिन तथा उद्योग मंत्री टी आर बी राजा की उपस्थिति में गाइडेंस तमिलनाडु के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वी. विष्णु के साथ दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। उद्योग मंत्री राजा ने कहा, 'एक और वैश्विक स्तर की इलेक्ट्रॉनिक कंपनी ने तमिलनाडु को चुना..'

कवर ग्लास के उत्पादन के लिए प्रस्तावित विनिर्माण सुविधा को कांचीपुरम जिले के एसआईपीसीओटी पिल्लैपक्कम में स्थापित किए जाने की संभावना है। 1,003 करोड़ रुपये की लागत की स्थापित इस सुविधा से 840 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।

शुभारंभ — दक्षिण भारत राष्ट्रमत




चेन्नई में मंगलवार को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तमिल विकास, सूचना और जनसम्पर्क विभाग की विभिन्न पूरी हो चुकी परियोजनाओं का उद्घघाटन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया एवं अनेक परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

## शिक्षा पर फोकस करने के लिए 26 को तमिलनाडु ग्राम सभा का आयोजन

**चेन्नई।** तमिलनाडु का ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय शुक्रवार को सरकारी स्कूलों की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक ग्राम सभा या ग्राम परिषद का आयोजन करेगा। राज्य के शिक्षा विभाग ने पहले ही जिला शिक्षा अधिकारियों, सहायक शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को ग्राम सभा की बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लेने के लिए पत्र जारी कर दिया है। स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्य भी ग्राम सभा की बैठक में भाग लेंगे।

स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बैठक में स्कूलों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए धन आवंटन और यह सुनिश्चित करने पर भी चर्चा होगी कि राज्य में सरकारी स्कूलों से कोई ड्रॉपआउट न हो। स्कूल शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, ग्राम सभाएं स्कूल छोड़ने की दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। बैठक में छात्रों के सामने आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा होगी। राज्य ग्रामीण विभाग ने पहले ही एक ऐप 'नम्मा ग्राम सबाई' लॉन्च किया है, जो बैठक का समय, प्रतिभागियों की संख्या और कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों की तस्वीरें भी रिकॉर्ड करेगा। राज्य में 26 जनवरी, 22 मार्च, 15 अगस्त, 1 मई, 2 अक्टूबर और 1 नवंबर को छह ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। ग्राम सभाएं गांव से संबंधित मुद्दों को उठाने के लिए आयोजित की जाती हैं।

पुष्पांजलि — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में मंगलवार को नेताजी सुभाषचन्द बोस की 128वीं जयंती के मौके पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मंत्रीगण।

## जयललिता के सोने और हीरे के आभूषणों को तमिलनाडु सरकार को हस्तांतरित करने का आदेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** बेंगलूरु की एक विशेष अदालत ने तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत जे. जयललिता से जब्त की गईं मूल्यवान वस्तुओं को पड़ोसी राज्य की सरकार को हस्तांतरित करने का आदेश दिया। अदालत के फैसले के बाद तमिलनाडु सरकार इन सोने और हीरे के आभूषणों के निपटान पर आवश्यक कार्रवाई करेगी। ये आभूषण जयललिता और अन्य के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में मिले सबूतों का हिस्सा हैं।

उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों पर मामले की सुनवाई कर्नाटक में की गयी और इसलिए सभी साक्ष्य फिलहाल अदालत के संरक्षण के तहत कर्नाटक के खजाने में हैं। 32 अतिरिक्त शहर दीवानी एवं सत्र अदालत की अध्यक्षता कर रहे न्यायाधीश एच. ए. मोहन ने सोमवार को यह आदेश पारित किया।



अदालत ने पूर्व में कहा था कि जयललिता के परिजन उन संपत्तियों के हकदार नहीं हैं, जिन्हें जब्त किया गया है। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने जयललिता की भतीजी जे. दीपा और भतीजे जे. दीपक द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया था। गहनों को तमिलनाडु सरकार को हस्तांतरित करने का आदेश देते हुए विशेष अदालत के न्यायाधीश ने कहा, ''गहनों की नीलामी करने के बजाय उन्हें तमिलनाडु के गृह विभाग के माध्यम से पड़ोसी राज्य को हस्तांतरित करना बेहतर है।''

इसी आदेश में विशेष अदालत ने कर्नाटक को राज्य में चलाए गए मुकदमे के खर्च के लिए पांच करोड़ रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया। भुगतान चेन्नई में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में जयललिता से संबंधित खाते में सावधि जमा से किया जाएगा। जयललिता, उनकी पूर्व करीबी सहयोगी वी शशिकला, वी एन सुधाकरन और शशिकला की रिश्तेदार जे इलावरसी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का

## पुडुचेरी में तीन मंजिला इमारत गिरी

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी के अट्टूपट्टी गांव में तीन मंजिला नवनिर्मित मकान सोमवार को ढह गया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। मकान के मालिक के अनुसार, गृह-प्रवेश समारोह फरवरी में आयोजित होने वाला था। सूत्रों के मुताबिक, घर का निर्माण वंचित वर्ग के परिवार को आवंटित जगह पर किया गया था जो गांव से होकर गुजरने वाली जल निकासी नहर के करीब स्थित है।

सूत्रों ने जानकारी दी कि नहर के पास एक फ्लाईओवर के लिए खंभे लगाने का काम चल रहा था। जब मजदूर नहर के किनारे के हिस्से की खुदाई कर रहे थे, तो कंपन के कारण मकान कथित तौर पर ढह गया। पीडब्ल्यूडी मंत्री के लक्ष्मीनारायणन और विभाग के अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया। मंत्री ने मकान के मालिक को आश्वासन दिया कि जल्द ही जांच की जाएगी तथा परिवार की मदद के लिए समुचित कदम उठाए जाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री वी नारायणसामी और अन्नाद्रमुक के राज्य सचिव ए अंबालगन ने भी घटनास्थल का दौरा किया, घटना की गहन जांच की मांग की और सरकार से परिवार को पर्याप्त मुआवजा देने का भी आग्रह किया।

## तमिल नेताओं के समूह ने 13ए को लागू करने के लिए भारत के हस्तक्षेप की मांग की

**चेन्नई/कोलंबो।** श्रीलंका के तमिल जनप्रतिनिधियों के एक समूह ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोलंबो 13वें संशोधन को पूरी तरह से लागू करे, भारत से हस्तक्षेप की मांग की है। एक सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका के संविधान का 13वां संशोधन द्वीपीय देश श्रीलंका में तमिल समुदाय के लिए सत्ता में भागीदारी की बात करता है। भारत इसे लागू करने के लिए जोर देता रहा है जो 1987 के भारत-श्रीलंका समझौते के बाद लाया गया था।

श्रीलंका के तमिल अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व करने वाले तमिल नेशनल एलायंस के एक सूत्र ने कहा कि वरिष्ठ नेता आर सम्पंतन के नेतृत्व वाले एक समूह ने सोमवार को श्रीलंका में भारत के नए उच्चायुक्त संतोष झा से मुलाकात की। दो घंटे तक चली यह वार्ता 13ए पर केंद्रित रही, जिसके तहत द्वीपीय देश के नौ प्रांतों के लिए प्रांतीय परिषद प्रणाली बनायी गई थी। सूत्र ने कहा कि तमिल दलों ने सत्ता में सार्थक भागीदारी के लिए वर्तमान श्रीलंकाई राजनीतिक संदर्भ में भारत के हस्तक्षेप की आवश्यकता बतायी। उन्होंने तमिल राजनीतिक कैदियों और राज्य द्वारा तमिलों की भूमि हड़पने के मुद्दे पर भी प्रकाश डाला। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने प्रांतों को पुलिस शक्तियों के बिना 13ए के कार्यान्वयन के लिए तमिल राजनीतिक दलों के साथ बातचीत की है। हालांकि, प्रस्ताव को एक प्रमुख बौद्ध धमुगुरु ने खारिज कर दिया और तमिल अल्पसंख्यकों को सत्ता में किसी भी तरह की भागीदारी के प्रस्ताव का विरोध किया।

## श्रीलंकाई नौसेना ने छह मछुआरों को गिरफ्तार किया

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसेना ने थंगाचीमादम और रामेश्वरम के छह मछुआरों को गिरफ्तार किया। इन्हें नौसेना ने उस समय गिरफ्तार किया जब वे समुद्र में मछली पकड़ने गए थे। पुलिस ने बताया कि नेदुनथीवु के पास श्रीलंकाई नौसेना ने दो नौकाओं को जब्त कर लिया है, जिनमें 6 मछुआरे सवार थे। इससे पहले श्रीलंकाई नौसेना ने 18 मछुआरों को 16 जनवरी को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। श्रीलंकाई नौसेना ने बीच समुद्र में दो मशीनीकृत नौकाओं को भी जब्त किया था। गिरफ्तार मछुआरों की पहचान थंगाचीमादम के ए. सीजेरियन, एस. सामंथा बाबू, एम. निशांतन और रामेश्वरम के एन. मुरुगेसन के रूप में की गई।

## राजस्थान में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है जहां बीते चौबीस घंटे में कई इलाकों में शीतलहर दर्ज की गई। अनेक जगह घना कोहरा छाया रहा और अलवर में न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, शीतलहर का दौर अभी जारी रहने का अनुमान है।

इसके अनुसार, गत 24 घंटों में राज्य के उत्तरी, पश्चिमी व पूर्वी भागों में कहीं-कहीं अति घना कोहरा, अतिशीत दिन व शेखावाटी क्षेत्र में कहीं-कहीं शीतलहर दर्ज की गई। इस दौरान न्यूनतम तापमान अलवर में 2.5 डिग्री, चूरू में 4.2 डिग्री, भीलवाड़ा में 4.8 डिग्री, पिलानी में 5.2 डिग्री, चित्तौड़गढ़ व संगरिया में 5.5 डिग्री व गंगानगर में 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम केंद्र के अनुसार, राज्य में आगामी एक सप्ताह मौसम पूर्णतया शुष्क रहेगा। तापमान में आगामी 3-4 दिन विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है। वहीं राज्य के पश्चिमी व उत्तरी भागों में कहीं-कहीं घना कोहरा, शीत दिन व शेखावाटी क्षेत्र में शीतलहर आगामी तीन दिनों तक जारी रहने की संभावना है।



## जनता के भरोसे पर खरा उतरना हमारा पहला काम : शर्मा

जयपुर/दक्षिण भारत। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को कहा कि जनता के भरोसे पर खरा उतरना हमारा पहला काम है। शर्मा ने मंगलवार को जयपुर के मानसरोवर स्थित राजस्थान आवासन मण्डल कार्यालय में मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने आम लोगों की शिकायतें सुनी और अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा, जनता के भरोसे पर खरा उतरना हमारा प्रथम कार्य है। इसी क्रम में संकल्प पत्र में किए गए वादों को समय से पहले धरातल पर उतारना राज्य सरकार का लक्ष्य है।

आधिकारिक बयान के अनुसार शर्मा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावना के अनुरूप अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को केंद्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले। उन्होंने कहा कि यह जनसुनवाई केंद्र सांगानेर ही नहीं अपितु पूरे राजस्थान के आमजन के लिए है। यहां सक्षम अधिकारी बैठेंगे तथा शिकायतों का मौके पर निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे।

## राजस्थान विधानसभा की कार्यवाही के दौरान हंगामा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की नवगठित विधानसभा की कार्यवाई मंगलवार को शुरू हुई जहां विपक्षी सदस्यों ने प्रश्नकाल में सरकार की ओर से प्रश्नों के 'समुचित उत्तर' नहीं मिलने का दावा करते हुए हंगामा किया। सदन में सरकारी भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामलों की जांच को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष के सदस्य आमने-सामने आ गए, वहीं 'राजीव गांधी युवा मित्र योजना' को बंद किए जाने का मुद्दा भी शून्यकाल में उठा जहां वपिक्ष के कई विधायकों ने सरकार से अपना फैसला वापस लेने की मांग की। इस योजना के तहत पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार ने अपनी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए हर जिले में युवाओं की भर्ती की थी। नवगठित विधानसभा में मंगलवार को पहला प्रश्नकाल था। इसकी शुरुआत राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के विधायक हनुमान बेनीवाल के प्रश्नपत्र लीक मामलों की जांच संबंधी सवाल से हुई।

राज्य के गृह मंत्री की ओर से स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने सदन में बताया कि साल 2021 से 2023 तक ऐसे लगभग बीस मामले सामने आए। हालांकि बेनीवाल उनके जवाब से संतुष्ट नहीं हुए और ऐसे मामलों की सीबीआई जांच करवाने की मांग की। इसे लेकर सदन में काफी हंगामा हुआ। बाद में बेरोजगारों को भत्ता दिए जाने संबंधी कई सवालों के जवाब से विपक्ष असंतुष्ट नजर आया। कार्रवाई के पहले दिन प्रश्नों के उत्तर देने में संबंधित मंत्रियों के अटकने का दावा करते हुए विपक्षी विधायक गोविंद सिंह डोटासरा ने कटाक्ष किया और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से कहा कि मंत्रियों को प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

डूंगरपुर की पंचायत समिति चखिली के भवन निर्माण में अनियमितता संबंधी सवाल के जवाब में मंत्री मदन दिलावर ने दो अधिकारियों को निलंबित करने की घोषणा सदन में की। कार्यवाही के दौरान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी कई बार सदस्यों के व्यवहार से नाराज दिखे। उन्होंने सदस्यों को सदन में इधर-उधर नहीं घूमने की हिदायत दी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को भी कार्रवाई के दौरान सदन से उठकर नहीं जाने को कहा।

शून्यकाल में रोहित बोहरा सहित कई विपक्षी विधायकों ने मौजूदा सरकार द्वारा 'राजीव गांधी युवा मित्र योजना' को बंद करने व इससे 5000 युवाओं के बेरोजगार होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार चाहती तो इस योजना का नाम बदल सकती थी लेकिन इसे बंद नहीं करना चाहिए था। कांग्रेस ने इसे लेकर सदन से बहिर्गमन भी किया। बाद में विधायक अनिता भदेल ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

### श्रद्धांजलि



जयपुर में मंगलवार को महान स्वतंत्रता सेनानी, आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती पर सुभाष चौक स्थित नेताजी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी व अन्य।

## राजस्थान में प्रश्नपत्र लीक के 33 मामलों में 615 गिरफ्तारियां : सरकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में सरकारी भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक मामले में 2014 से अबतक 33 प्राथमिकी दर्ज की गई है और इस संबंध में कुल 615 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। सरकार की ओर से मंगलवार को विधानसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी गई। चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह ने सदन में कहा कि राज्य में एक जनवरी 2014 से आज तक प्रश्नपत्र लीक के दर्ज कुल 33 प्रकरणों में 615 व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई है व 32 प्रकरणों में चालान(आरोप पत्र) पेश किया जा चुका है जबकि एक प्रकरण में जांच जारी है। मंत्री ने कहा कि 2021 में प्रश्नपत्र लीक के पांच बड़े मामले सामने आए, 2022 में दस व 2023 में पांच ऐसे मामले सामने आए। जब से मौजूदा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार आई है तब से दो परीक्षाएं हुईं जिनमें कोई दिक्कत नहीं आई। उन्होंने कहा कि राज्य में विभिन्न परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक से संबंधित घटनाओं मे उत्तरोत्तर वृद्धि को देखते हुए प्रश्नपत्र लीक की रोकथाम एवं इसके सम्बन्ध में दर्ज मामलों में त्वरित जांच एवं दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने के लिए राज्य सरकार ने 15 दिसंबर 2023 को एसआईटी गठित करने का आदेश जारी किया। इसके अगले ही दिन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी.के. सिंह के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है।

उन्होंने बताया कि एसआईटी द्वारा वर्तमान में राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2021, सीएचओ भर्ती परीक्षा 2020, वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा 2022, वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा 2022, रीट भर्ती परीक्षा 2021, कनिष्ठ अभियंता (डिग्री) भर्ती परीक्षा 2020, उच्च न्यायालय लिपिक भर्ती परीक्षा 2020 की जांच की जा रही है।

प्रश्नकाल में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के विधायक हनुमान बेनीवाल ने इस बारे में सवाल उठाया था। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार इन प्रकरणों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से करवाने की मंशा रखती है? मंत्री ने कहा कि एसआईटी का गठन हुए महीना भर ही हुआ है और जांच चल रही है। एसआईटी व स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की जांच की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बेनीवाल इससे संतुष्ट नहीं हुए और बोलते रहे। वहीं प्रश्नपत्र लीक प्रकरण व उनसे जुड़ी जांच के मुद्दे पर सत्ता पक्ष व विपक्ष के सदस्य आमने सामने आ गए। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नाराजगी दिखाते हुए कहा कि वह सदन को 'अनियंत्रित' नहीं होने देंगे। सदन में शोर शराबे के बीच उन्होंने आगामी प्रश्न के लिए आवाज लगा दी।

## मुफ्त स्मार्टफोन योजना की पड़ताल के बाद फैसला करेगी सरकार : मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की नवगठित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार महिलाओं को मुफ्त स्मार्टफोन देने की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की योजना पर परीक्षण के बाद कोई फैसला लेगी। सरकार की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने मंगलवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार की इस योजना के तहत लगभग 24.56 लाख महिलाओं को स्मार्टफोन दिए गए हैं। विधायक इंद्रा ने इस बारे में सवाल उठाया और पूछा था कि क्या सरकार इस योजना के तहत बाकी महिलाओं को स्मार्टफोन देने का विचार कर रही है। इसके जवाब में मंत्री ने कहा, इस योजना से महिलाओं को हुए लाभ व जनहित का परीक्षण करके स्मार्टफोन योजना पर आगामी निर्णय किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार ने 'चिरंजीवी परिवार' की महिलाओं को नि शुल्क स्मार्टफोन देने की योजना शुरू की थी। मंत्री ने अपने जवाब में बताया कि विगत सरकार द्वारा चिरंजीवी परिवार की महिलाओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए थे। कुल 24,56,001 महिलाओं को इंटरनेट डाटा से युक्त स्मार्टफोन दिया गया। इस पर कुल 1670.08 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई।

इसके अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 की बजट घोषणा की पालना में स्मार्टफोन वितरण कार्य को आचार संहिता के कारण बंद कर दिया गया था। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रथम चरण में 40 लाख महिलाओं को स्मार्टफोन देने का लक्ष्य रखा था।




## राजस्थान की झांकी ने विकसित भारत में पधारो म्हारे देश का संदेश देकर मन मोहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। नई दिल्ली के कर्त्तव्य पथ पर मंगलवार को गणतंत्र दिवस परेड-2024 की फुल ड्रेस रिहर्सल में राजस्थान की झांकी ने विकसित भारत में पधारो म्हारे देश का संदेश देकर दर्शकों को मन मोह लिया। झांकी के दोनों ओर राजस्थान की दस लोक नर्तकियां पारंपरिक घूमर नृत्य कर रही थीं। इस वर्ष 26 जनवरी को 75 वें गणतंत्र दिवस परेड-2024 में निकलने वाली झांकियों में राजस्थान की झांकी का अलग ही आकर्षण रहने वाला है। इस झांकी में विकसित भारत में पधारो म्हारे देश की थीम रखी गई है।

झांकी के नोडल अधिकारी राजस्थान ललित कला अकादमी के सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि प्रदेश की कला एवं संस्कृति विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ के मार्ग दर्शन में तैयार की गई यह झांकी राजस्थान की विश्व प्रसिद्ध संस्कृति, स्थापत्य परंपरा और हस्तशिल्प का सुंदर मिश्रण है।

झांकी के अग्रभाग में राजस्थान के प्रदेश के सुप्रसिद्ध घूमर नृत्य का मनोहारी दृश्य है। इसमें घूमर करती दस फीट आकार की नर्तकी का मूर्ति शिल्प सभी को आकर्षित करने वाला हैं। चटक रंगो की रंग-बिरंगी राजस्थानी वेश-भूषा में सुसज्जित यह नर्तकी अपने विशेष अंदाज में सभी को पधारों म्हारे देस का संदेश दे रही है। घूमर राजस्थान का पारंपरिक और जग प्रसिद्ध नृत्य है जो कि प्रदेश की महिलाओं द्वारा विभिन्न उत्सवों में किया जाता है।

डॉ. हर्ष ने बताया कि झांकी के पिछले भाग में भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त तथा भक्ति और शक्ति आस्था की प्रतीक मीरा बाई की सुंदर प्रतिमा प्रदर्शित की गई है। इसके अतिरिक्त राज्य के सुप्रसिद्ध हस्तशिल्प उद्योगों का महिलाओं द्वारा ही संचालन करना और उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की सुंदर झलक प्रस्तुत की गई है। झांकी में राजस्थान की उद्यमी महिलाओं को पारंपरिक बंधेज, बगरू प्रिंट, एप्लिक वर्क का कार्य करते हुए भी दर्शाया गया है।

उन्होंने बताया कि झांकी के पिछले भाग में रेगिस्तान का जहाज कहे जाने वाले गोरबंद से सुसज्जित ऊँटों को दर्शाया गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ (यूनाइटेड नेशंस) ने इस वर्ष -2024 को उष्ट्र (ऊंटों) वर्ष घोषित किया है। गोरबंद में सजे-धजे दो ऊंटों की यह झांकी प्रतिवर्ष पश्चिमी राजस्थान में होने वाले ऊंट उत्सव को प्रतिबिंबित कर रही है। इसके साथ ही झांकी में विशेष राजस्थानी ग्राम्य जन जीवन को भी दर्शाया गया है। इसके प्रतीक के रूप में राजस्थानी लिबास में सजे धजे एक पुरुष की मूर्ति दर्शाई गई है। साथ ही ऊंट पर राजस्थान की पारंपरिक वेशभूषा पहने राजस्थानी महिला सवारों को भी दर्शाया गया है। ऊंट के पीछे राजस्थान के स्थापत्य कला का प्रदर्शन है जिसमें सुसज्जित हाथी युक्त विशेष तोरण द्वार, कलात्मक छतरियों, मीनारों आदि को गुलाबी रंग पर सफेद रंग से सुंदर ढंग से अलंकृत किया गया है।

झांकी में राजस्थानी संगीत की मनभावन प्रस्तुति भी की गई हैं। साथ ही मन को आनंदित करने वाले घूमर और गोरबंद गीतों की विभिन्न लोक वाद्य यंत्रों द्वारा फ्यूजन धुनों का सुमिश्रण दिल को छू जाने वाला है। डॉ हर्ष ने बताया कि राजस्थान की इस समृद्ध सांस्कृतिक झांकी में विकसित भारत की संकल्पना के साथ राजस्थान की उत्सवधर्मी संस्कृति में समाए महिला हस्तशिल्प उद्योगों के विकास का सुंदर ढंग से प्रदर्शन किया गया है। यह झांकी राजस्थान के समृद्ध इतिहास और संस्कृति की पृष्ठभूमि में प्रदेश में हुए नवीन स्थापत्य निर्माण की एक अति सुंदर झांकी है।

## भगवान पार्श्वनाथ मूर्ति स्थापना का पंचकल्याणक महोत्सव 28 से

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में नवनिर्माण जिनालय में मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ मूर्ति स्थापना के मौके पर 28 जनवरी से दो फरवरी तक ..मज्जिनेन्द्र 1008 पार्श्वनाथ जिन बिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव.. का आयोजन होगा।

मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ राजकुमार गोधा ने मंगलवार को यहां पत्रकारों को बताया कि फायसागर रोड सोनी नगर स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में होने वाला यह पंचकल्याणक महोत्सव आचार्य विवेकसागर महाराज के सानिध्य तथा पंचकल्याणक प्रतिष्ठाचार्य पं.कुमुद सोनी के निर्देशन में पूरे धार्मिक विधिविधान से आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि सोनीनगर में 23 साल पहले 15 परिवार के बीच मंदिर की स्थापना हुई थी और अब प्रथमतल पर भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमाजी छह धातुओं की अन्य भगवान की मूर्तियों सहित कुल नौ मूर्तियों को स्थापित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, कैबिनेट मंत्री सुरेश रावत, सांसद भागीरथ चौधरी, विधायक अनिता भदेल, महापौर बृजलता हाडा, उपमहापौर नीरज जैन, आर.के.मार्बल अध्यक्ष अशोक पाटनी सहित विभिन्न हस्तियों को आमंत्रित किया गया है।

### वितरण



जयपुर में मंगलवार को रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र के मोड़क गांव में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाशाली छात्राओं को साइकिल वितरित करते मंत्री मदन दिलावर।

## भ्रष्टाचार के मामले में आईएएस अधिकारी बिश्नोई निलंबित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान सरकार ने भ्रष्टाचार के मामले हाल ही में गिरफ्तार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी प्रेमसुख बिश्नोई को निलंबित कर दिया है। कार्मिक विभाग ने सोमवार रात इस बारे में आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार आईएएस अधिकारी और मत्स्य विभाग के निदेशक प्रेमसुख बिश्नोई को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित) 2018 एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी के तहत दर्ज प्राथमिकी में प्रथम दृष्टया लिप्त पाया गया। ब्यूरो ने शुक्रवार (19 जनवरी) को बिश्नोई को गिरफ्तार किया और 48 घंटे से अधिक समय तक उन्हें पुलिस/न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया। विभाग के आदेश के अनुसार राज्य सरकार अखिल भारतीय सेवाएं नियम 1969 के नियम 3 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिश्नोई को उनकी गिरफ्तारी 19 जनवरी से निलंबित किया गया है। निलंबन दौरान बिश्नोई मुख्यालय प्रमुख शासन सचिव कार्मिक विभाग जयपुर से संबद्ध रहेंगे। उल्लेखनीय है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के एक दल ने शुक्रवार को मत्स्य विभाग के निदेशक और सहायक निदेशक को परिवादी से 36 हजार रुपये की कथित रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

## ‘भाजपा को वोट देने वाले लोग उसकी वादाखिलाफी से क्षुब्ध’



**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चुनाव में वोट देने वाले लोग उसकी ‘वादाखिलाफी’ और ‘फरेब’ की वजह से क्षुब्ध हैं। उन्होंने दावा किया कि अब जनता की निगाह ‘एनडीए–भाजपा’ के मुकाबले ‘पीडीए–इंडिया’ पर है। यादव ने यहां सपा राज्य मुख्यालय में लखनऊ जिले के पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा, भाजपा के कारण विकास अवरूद्ध है। लोकतंत्र से खिलवाड़ किया जा रहा है और संविधान खतरे में है। जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। अपराध बढ़ रहे हैं, लोग अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। महिलाएं रोज अपमानित हो रही है। जनता का हर वर्ग परेशान है और अब भाजपा से मुक्ति चाहता है। उन्होंने दावा किया, जिन लोगों ने भाजपा को वोट दिया था वे भी अब इस पार्टी से क्षुब्ध हैं। भाजपा नेतृत्व ने जितने वादे किए थे उनमें से एक भी पूरा नहीं किया।

# भाजपा ने खत्म किया राम मंदिर का मुद्दा, अब भागवत की ‘सारी कलह’ खत्म करने की बात पर हो अमल : अंसारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**अयोध्या (उप्र)/भाषा।** राम जन्मभूमि–बाबरी मस्जिद मामले में मुख्य पक्षकार रहे इकबाल अंसारी का मानना है कि भाजपा ने अयोध्या के मुद्दे को खत्म कर दिया है और अब सभी को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की ’सारी कलह’ को खत्म करने की नसीहत पर अमल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा गरमाये गए राम मंदिर मुद्दे को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने खत्म कर दिया है।

अंसारी ने आरोप लगाते हुए कहा, हमारे वालिद साहब (हाशिम अंसारी) जब जिंदा थे तो वह सबसे कहते रहे कि कांग्रेस ने बाबरी मस्जिद के अंदर मूर्ति रखवायी, कांग्रेस ने मस्जिद तुड़वायी, कांग्रेस ने दंगा करवाया, कांग्रेस ने ही मंदिर का शिलान्यास कराया। हम तो कहते हैं कि इस हुकूमत (भाजपा सरकार) में तो कम हो रहा है। इस सरकार ने तो केवल इमारत ही बनवायी है, और कुछ नहीं हुआ। भाजपा ने तो राम मंदिर मुद्दे को खत्म किया है। काशी और मथुरा का मुद्दा भी गरमाने के मुद्दे पर अंसारी ने कहा, मुल्क में जब तक राजनीति जिंदा रहेगी, तब तक यह सब होता रहेगा। कांग्रेस ने क्या किया? जो आज हो रहा है, वही कांग्रेस भी करती रही। प्राण–प्रतिष्ठा समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के भाषण की तारीफ करते हुए अंसारी ने कहा, भागवत जी ने बहुत अच्छी बात कही। उन्होंने जो कहा है वह होना भी चाहिए। जरूरी यह है कि उस पर अमल भी हो। भागवत ने समारोह में नागरिकों को प्रेरित करते हुए कहा था, हमें सभी मतभेद त्याग कर, कलह खत्म कर छोटे छोटे मुद्दों पर लड़ना झगड़ना बंद करना होगा। हमें अपना अहंकार त्यागना होगा और एकजुट रहना होगा। संघ प्रमुख ने कहा था कि ’’सब घट में राम हैं, हमको यह जानकर आपस में समन्वय से चलना होगा। सब हमारे हैं, इसीलिए चल पाते हैं। आपस में मिलकर व्यवहार करना, यह धर्म का पहला सत्य आचरण है।



# गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल के कारण मध्य दिल्ली में यातायात प्रभावित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** गणतंत्र दिवस परेड के लिए ‘फुल ड्रेस रिहर्सल’ के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित होने के कारण मंगलवार को मध्य दिल्ली में इंडिया गेट के पास सैंकड़ों यात्री घंटों जाम में फंसे रहे।

कृषि भवन के पास सी–हेक्सागन, अशोक रोड और रफी मार्ग पर भी यातायात प्रभावित हुआ। इन मार्गों पर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। बाहरी रिंग रोड और प्रगति मैदान सुरंग, सराय काले खां, आईटीओ के पास भी यातायात प्रभावित हुआ।

वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी हुई और कई लोग अपने गंतव्य तक देरी से पहुंचे। दक्षिण दिल्ली से कनॉट प्लेस आ रही एक महिला ने कहा कि वह कर्तव्य पथ के पास भारी यातायात जाम में फंस गई। उन्होंने कहा, कनॉट प्लेस पहुंचने में मुझे लगभग 20 मिनट लगते थे लेकिन आज मुझे लगभग 35 से 40 मिनट लग गए। कुछ यात्रियों ने कहा कि केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वार पर लंबी कतारें थीं क्योंकि कई लोगों ने जाम से बचने की कोशिश में मेट्रो से यात्रा को तरजीह दी।

दिल्ली पुलिस ने सोमवार को एक परामर्श जारी कर लोगों को फुल ड्रेस रिहर्सल के मद्देनजर मध्य दिल्ली में कई सड़कों के बंद होने की जानकारी दी थी।

रिहर्सल सुबह साढ़े 10 बजे विजय चौक से शुरू हुई और कर्त्तव्य पथ, सी–हेक्सागन, तिलक मार्ग, बहादुर शाह जफर मार्ग और नेताजी सुभाष मार्ग से होते हुए लाल किले पर समाप्त हुई।



## झारखंड में 2027 तक गरीबों के लिए 20 लाख घर बनाए जाएंगे : सोरेन

**रांची/भाषा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वर्ष 2027 तक राज्य के गरीबों को 20 लाख आवास उपलब्ध कराने की मंगलवार को घोषणा की। खूंटी जिले के तोरपा में राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित आवासीय योजना ’अबुआ आवास योजना’ (एएवाई) के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार ने केंद्र से गरीबों के लिए आठ लाख आवास की मांग की थी, जैसा कि उन्होंने सभी गरीबों को आवास उपलब्ध कराने का वादा किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा, शुरुआत में केंद्र ने स्वीकार किया था कि झारखंड में चार लाख गरीब लोग हैं। लेकिन बाद में कहा गया कि राज्य में केंद्रीय आवास योजना से कोई भी गरीब नहीं छूटा। इसलिए, हमने राज्य के खजाने से आठ लाख गरीब लोगों को घर उपलब्ध कराने का फैसला किया। सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने ’अबुआ आवास योजना’ शुरू की और ’आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार’ अभियान के दौरान योजना के लिए आवेदन आमंत्रित किए। इस योजना को ’ऐतिहासिक’ करार देते हुए उन्होंने कहा कि यह योजना वर्ष 2000 में झारखंड के गठन के बाद अपनी तरह की पहली पहल थी।

## ईडी ने संदेशखाली हमले में संयुक्त एसआईटी गठित करने के आदेश को चुनौती दी

**कोलकाता/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय ने संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमले की जांच के लिए सीबीआई और पश्चिम बंगाल पुलिस का एक संयुक्त विशेष जांच दल बनाने के एकल पीठ के आदेश को कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष चुनौती दी है।

केंद्रीय एजेंसी का प्रतिनिधित्व कर रहे एक वकील ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि याचिका को मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली एक पीठ के समक्ष बुधवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। मामले में ईडी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने कहा कि संयुक्त एसआईटी के गठन को चुनौती देते हुए ईडी ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से समग्र जांच का अनुरोध किया।

ईडी ने कहा कि पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के परिसर की तलाशी लेने गए उसके तीन अधिकारी भीड़ के हमले में घायल हो गए और उनके लैपटॉप, मोबाइल फोन और पर्स जैसी चीजें लूट ली गईं।

# मुख्यमंत्री ने ‘भीड़ को उकसाने’ को लेकर दिया राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को राज्य के पुलिस महानिदेशक को अवरोधक तोड़ने के लिए भीड़ को उकसाने को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया और कांग्रेस समर्थकों के इस कृत्य को ’नक्सली कार्रवाई’ बताया। युवा कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. के एक पोस्ट के जवाब में मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच ’एक्स’ पर कहा, मैंने असम पुलिस के महानिदेशक को भीड़ को उकसाने के लिए आपके नेता राहुल गांधी के खिलाफ का मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है।

शर्मा ने कहा कि जिस फुटेज को श्रीनिवास ने अपने अकाउंट पर पोस्ट किया है उसे साक्ष्य के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, यह असम की संस्कृति का हिस्सा नहीं है। हम एक शांतिपूर्ण राज्य हैं। इस तरह के नक्सलवादी हथकंडे हमारी संस्कृति के बिल्कुल विपरीत हैं। शर्मा ने कहा, आपके गैरजिम्मेदाराना आचरण और दिशा–निर्देशों के उल्लंघन की वजह से अब गुवाहाटी की सड़कों पर भारी जाम लग गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि साक्ष्यों में दिखाई दे रहा है कि कैसे राहुल गांधी और कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह भीड़ को असम पुलिसकर्मियों की हत्या करने के लिए उकसा रहे हैं। शर्मा ने कहा, हमारे पुलिसकर्मी जनता के सेवक हैं और वे किसी शाही परिवार से ताल्लुक नहीं रखते। बाकी मैं आश्वासन देता हूं कि कानून के हाथ लंबे होते हैं, जो आप तक जरूर पहुंचेंगे।

## तस्कर के रूप में आया बांग्लादेशी बल का जवान मारा गया: अधिकारी

**कोलकाता/भाषा।** तस्कर के रूप में आए बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के एक जवान को पश्चिम बंगाल में एक समूह के हमले के दौरान सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा चलाई गई गोली लग गई जिससे उसकी मौत हो गई। बीएसएफ अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

घटना उत्तर 24 परगना जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास बोंगांव इलाके में सोमवार को तब हुई जब बांग्लादेशी तस्करों के एक समूह ने तार की नवनिर्मित बाड़ से भारत में घुसने का प्रयास किया।

बीएसएफ के अधिकारियों के अनुसार, बल के गश्ती दल ने उनके अवैध प्रवेश को रोकने का प्रयास किया जिसके बाद दोनों पक्षों की ओर से हमला शुरू हो गया।

अधिकारी ने कहा, मुठभेड़ के दौरान बीएसएफ के गश्ती दल पर हथियारों से हमला किया गया। गश्ती इकाई ने अपने बचाव में गोली चला दी। इसमें एक हमलावर चोटिल हो गया जिसे तत्काल एक अस्पताल में पहुंचाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# कानून अपना काम करेगा : संदेशखाली हिंसा पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में ईडी के कर्मचारियों पर हमले की हाल की घटना के जवाब में उचित कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक स्थानीय नेता के घर पर छापा मारने गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दल पर भीड़ ने हमला कर दिया था जिसमें तीन अधिकारी घायल हो गए थे। यहां एक साहित्यिक बैठक से इतर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए बोस ने कहा, कानून अपना काम करेगा। राज्यपाल ने इससे पहले कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में टीएमसी नेता शेख शाहजहां के घर पर छापेमारी के दौरान ईडी टीम और उनके साथ गए सीआरपीएफ कर्मियों पर हमले को भयावह और चिंताजनक बताया था। इस हमले के बाद से शाहजहां लापता हैं।

इससे पहले बोस ने घटना के बाद कहा था, लोकतंत्र में बर्बरता को रोकना एक सभ्य सरकार का कर्तव्य है। राज्य के राज्यपाल के रूप में, मैं उचित कार्रवाई करने के लिए सभी संवैधानिक विकल्प तलाश रहा हूं।

इससे पहले, टीएमसी ने कहा था कि ईडी की छापेमारी लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के प्रभावशाली नेताओं को परेशान करने के भारतीय जनता पार्टी के एजेंडे का हिस्सा है।

## मिजोरम के छात्र संगठन का केंद्र से भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ के फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह

**आइजोल/भाषा।** मिजोरम के शीर्ष छात्र संगठन मिजो जिरलाई पावल (एमजेडपी) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भारत–म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने और मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म करने के केंद्र सरकार के फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। राज्य के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति के माध्यम से भेजे गए पत्र में एमजेडपी ने भारत–म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने के केंद्र के फैसले पर चिंता व्यक्त करते हुए विरोध प्रकट किया। इसमें कहा गया है कि भारत–म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने और एफएमआर को खत्म करने से भारत एवं म्यांमा में रहने वाले मूलनिवासी ’जो’ लोग विभाजित हो जाएंगे। संगठन ने सोमवार को पत्र में कहा, हालांकि ’जो’ लोगों को औपनिवेशिक काल से ही प्रशासनिक प्रभाग और औपनिवेशिक युग के बाद अंतरराष्ट्रीय सीमा द्वारा विभाजित किया गया है लेकिन हम अलग महसूस नहीं करते हैं।



# राम मंदिर के नाम पर लहर नहीं: राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**डोमडोमा (असम)/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि राम मंदिर के नाम पर लहर नहीं है तथा अयोध्या में सोमवार को जो हुआ वह एक राजनीतिक कार्यक्रम था जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ‘शो’ किया। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए यह भी कहा कि असम में उनकी ‘भारत जोड़ो न्याय यात्रा’ में अवरोध पैदा करने का जितना प्रयास किया जा रहा है उससे उनकी यात्रा को उतना ही प्रचार मिल रहा है। राहुल गांधी का कहना था कि कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के धमकाने वाले कदमों से वह डरने वाले नहीं हैं।

यह पूछे जाने पर कि ‘राम लहर’ का मुकाबला करने के लिए उनके पास क्या योजना है, तो कांग्रेस नेता ने कहा, ऐसी कोई बात नहीं है कि लहर है। यह भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम था। नरेन्द्र मोदी जी ने फंक्शन किया, शो किया। वो सब ठीक है, अच्छी बात है। लेकिन हम स्पष्ट हैं कि देश को मजबूत बनाने के लिए ‘पांच न्याय’ की योजना हमारे पास है। यह हम आपके सामने रखेंगे। इस सवाल पर कि क्या वह यात्रा के दौरान अयोध्या जाकर राम मंदिर का दर्शन करेंगे तो राहुल गांधी ने कहा कि फिलहाल वह यात्रा मार्ग का अनुसरण करेंगे। पार्टी की ओर से तय यात्रा मार्ग में अयोध्या शामिल नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में सोमवार को अयोध्या के मंदिर में रामलला की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रधानमंत्री ने इस अवसर को एक नए युग के आगमन का प्रतीक करार दिया और लोगों से मंदिर निर्माण से आगे बढ़कर अगले 1,000 वर्षों के मजबूत, भव्य और दिव्य भारत की नींव बनाने का आह्वान किया। राहुल गांधी ने ‘भारत जोड़ो न्याय यात्रा’ का उल्लेख करते हुए कहा, इस यात्रा के पीछे न्याय का विचार है। इसमें न्याय के पांच स्तंभ हैं– युवा न्याय, भागीदारी, नारी न्याय, किसान न्याय और श्रमिकों के लिए न्याय। ये पांच स्तंभ देश को शक्ति देंगे। कांग्रेस अगले एक–डेढ़ महीने में इन्हें जनता के सामने रखेगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी से जुड़े सवाल पर कहा कि विपक्षी गठबंधन ‘इंडिया’ चुनाव के बाद इस बारे में चर्चा कर कोई निर्णय लेगा। उनका कहना था, एक तरफ नरेन्द्र मोदी और आरएसएस हैं और दूसरी तरफ ‘इंडिया’।

## सूर्योदय योजना प्रधानमंत्री का एक और जुमला : खरगे



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ‘प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना’ को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक और जुमला करार देते हुए मंगलवार को कहा कि मौजूदा सरकार 10 वर्षों में 10 लाख घरों की छतों पर भी सोलर पैनल स्थापित नहीं कर पाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार ‘प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना’ आरंभ करेगी जिसके तहत एक करोड़ घरों की छतों (रूफटॉप) पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे।

खरगे ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री जी के जुमलों का सूर्य तक पहुंचना! कल प्रधानमंत्री ने एक करोड़ घरों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल स्थापित करने के नए लक्ष्य की घोषणा की। जमीनी हकीकत यह है कि भाजपा शासन के पिछले 10 वर्षों में 10 लाख घरों में भी छत पर सौर ऊर्जा पैनल नहीं लगा है। उन्होंने दावा किया कि इससे पहले मोदी सरकार ने 2022 तक 40 गीगावॉट के पैनल की सौर क्षमता स्थापित करने का झूठा वादा किया था।

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, मोदी सरकार की बड़ी घोषणाओं की स्थिति इस प्रकार है: 40 गीगावाट के लक्ष्य का 70 प्रतिशत हिस्सा अधूरा है। उसमें से केवल 2.2 गीगावॉट के पैनल घरों पर स्थापित हैं। आवासों से उत्पन्न ऊर्जा स्थापित क्षमता का केवल 5वां हिस्सा रही है।

## अति आक्रामक रवैया नहीं अपनाएंगे लेकिन जरूरत पड़ने पर हमारे बल्लेबाज पीछे नहीं हटेंगे : द्रविड

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि उनकी टीम के बल्लेबाज इंग्लैंड के ‘बैजबॉल’ क्रिकेट का उसी अंदाज में जवाब देते हुए नहीं दिखेंगे लेकिन गुरुवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में अगर ऐसी नौबत आयी तो वे पीछे नहीं हटेंगे।

इंग्लैंड के बल्लेबाज अब बहुत ही आक्रामक शैली में खेलते हैं जो उनके मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के खेलने के तरीके से जुड़ा है। ‘बैज’ मैकुलम का उपनाम है। द्रविड़ ने मंगलवार को यहां कहा कि भारत मैच की परिस्थितियों के मुताबिक अपने खेल का रुख तय करेगा। भारतीय कोच ने कहा, मुझे नहीं लगता कि हम अति आक्रामक रुख अपनाएंगे। हम परिस्थितियों के मुताबिक खेलेंगे। हमारी बल्लेबाजी क्रम के शीर्ष छह सात बल्लेबाज में ज्यादातर ऐसे है जिनका खेल नैसर्गिक रूप से सकारात्मक खेल है। उन्होंने कहा, ऐसे में हम कुछ बदलाव करने से बचना चाहेंगे। ऐसी भी परिस्थितियां होंगी जब हमें लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी होगी। द्रविड़ ने कहा, मैं हालांकि अपने बल्लेबाजों से अति रक्षात्मक खेल की उम्मीद नहीं कर रहा हूं। द्रविड़ को हालांकि इस बात पर ज्यादा संदेह नहीं है कि इंग्लैंड इस श्रृंखला में मेजबान टीम के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाएगा। मुख्य कोच को उम्मीद है कि उनकी टीम घरेलू परिस्थितियों के अपने अनुभव का इस्तेमाल कर इस चुनौती का सकारात्मक जवाब देगी।

## मंदिर में मूर्ति खंडित पायी गई, मामला दर्ज

**मुजफ्फरनगर (उप्र)/भाषा।** जिले के शाहपुर थाना अंतर्गत दिनकरपुर गांव में मंगलवार को अज्ञात लोगों द्वारा एक दुर्गा मंदिर में भगवान श्रीराम की मूर्ति कथित तौर पर खंडित कर दी गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने मंगलवार को बताया कि पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि यह घटना तब प्रकाश में आई जब मंगलवार को भक्तों ने मंदिर में भगवान श्रीराम की मूर्ति को खंडित पाया। इस बीच, घटना से आक्रोशित लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की।

# आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय टीम की कमान रोहित को, भारत का दबदबा





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुबई/भाषा।** रोहित शर्मा को मंगलवार को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम का कप्तान चुना गया जिसमें स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और मोहम्मद शमी तथा मोहम्मद सिराज की तेज गेंदबाजी जोड़ी के अलावा दो और भारतीयों को जगह मिली है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बयान के अनुसार टीम में जगह बनाने वाले अधिकतर खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे भारत (उप विजेता) और ऑस्ट्रेलिया (विजेता) के अलावा सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से हैं। साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में भारत के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को जगह मिली है। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस को टीम का कप्तान चुना गया है। अश्विन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली बोर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के चार मैच में 25 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज थे।

जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करते हुए चार विकेट चटकाने के अलावा 48 रन भी बनाए थे। भारत हालांकि यह मुकाबला हार गया था। आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव और अर्शदीप सिंह को जगह मिली है। सूर्यकुमार को टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम का कप्तान भी बनाया गया है। उन्होंने 18 मैच में 155.95 के स्ट्राइक रेट से 733 रन बनाकर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। एकदिवसीय टीम में पारी का आगाज करने का मौका रोहित और शुभमन गिल को दिया गया है। भारतीय कप्तान ने पिछले साल एकदिवसीय प्रारूप में 52 के औसत से 1255 रन बनाए। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 208 रन की पारी खेली और 1584 रन के साथ इस प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को जगह मिली है जिन्होंने पिछले साल लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और भारत के खिलाफ फाइनल में 137 रन की पारी खेली। मध्य क्रम में कोहली, न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल के अलावा दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और मार्को यानसेन शामिल हैं।

## आप जो भी फैसले लेते है उसकी जिम्मेदारी आपकी होती है: कमिंस ने मैक्सवेल पर कहा



**सिडनी/भाषा।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मदिरा के अधिक सेवन से बेहोश हुए टीम के साथी खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल के बारे में पूछे जाने पर कहा कि आप जो काम करते है आपको खुद उसकी जिम्मेदारी लेनी होती है। कमिंस भी ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली की मौजूदगी वाले बैंड ‘सिक्स एंड आउट’ के एडीलेड में हुए उस कॉन्सर्ट में शामिल थे जहां मैक्सवेल बेहोश हो गए थे। मैक्सवेल को एम्बुलैंस से अस्पताल ले जाना पड़ा था। कमिंस हालांकि इस कॉन्सर्ट से काफी पहले निकल गए थे।

‘सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड’ के मुताबिक कमिंस ने मैक्सवेल के बारे में पूछे जाने पर कहा, इसका जवाब वहीं दे सकते है। मैं उस कॉन्सर्ट में था लेकिन वहां से काफी पहले निकल गया था। मैं वहां मैक्सी (मैक्सवेल) से भी नहीं मिला था। विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा, हम सभी व्यस्क है और बड़े होने का मतलब यह है कि आप अपने फैसले खुद लेते है। उन्होंने कहा, मैक्सवेल टीम के साथ यात्रा नहीं कर रहे है ऐसे में वह वहां व्यक्तिगत तौर पर मौजूद थे। ऐसे में आप जो भी फैसले लेते है उसकी जिम्मेदारी आपको लेनी होती है।

## सुविचार

**जब तक जीना, तब तक सीखना अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# त्याग, तपस्या, धैर्य

अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा और देशभर में उत्सव को देखकर 'अंतरराष्ट्रीय मीडिया' के एक वर्ग को भारी पीड़ा हो रही है। उनकी रिपोर्टों और पाकिस्तानी विदेश कार्यालय की प्रेस विज्ञप्ति को पढ़कर ऐसा प्रतीत होता है कि एक ही व्यक्ति ने इन्हें लिखा है। यह भी संदेह होता है कि 'अंतरराष्ट्रीय मीडिया' के उस वर्ग ने पाकिस्तानी विज्ञप्ति को कॉपी कर छाप दिया! निस्संदेह पाकिस्तान और मीडिया के उक्त वर्ग की भगवान श्रीराम में आस्था नहीं है, लेकिन वे यह क्यों भूल जाते हैं कि प्रभु राम दुनिया में करोड़ों-करोड़ों लोगों के आराध्य हैं? अयोध्या में आज जहां भव्य मंदिर है, उसके पीछे रामभक्तों की सदियों की तपस्या है। इस मंदिर की नींव पुख्ता दस्तावेजों और अकाट्य प्रमाणों पर टिकी है। राम जन्मभूमि के मामले के उच्चतम न्यायालय तक पहुंचते-पहुंचते कितने ही दस्तावेजों का अध्ययन किया गया, खुदाई से निकले अवशेषों को जांचा गया ... इन सब पर वकीलों के बीच घंटों बहस होती थी। उच्चतम न्यायालय में एक-एक बिंदु को लेकर जिस तरह तर्क-वितर्क दिए गए और स्पष्ट निर्णय आया, उसके बाद तो किसी के मन में कोई संदेह होना ही नहीं चाहिए। उस निर्णय की प्रति ऑनलाइन उपलब्ध है। जो चाहे, उसे डाउनलोड कर पढ़ सकता है। हां, जो तमाम दस्तावेजों, प्रमाणों, तर्कों और ऐतिहासिक घटनाओं को नहीं मानना चाहता, उसे कोई नहीं समझा सकता। पाकिस्तान की विज्ञप्ति और 'अंतरराष्ट्रीय मीडिया' की ये रिपोर्टें सच्चाई से कोसों दूर हैं। उन्हें प्राण-प्रतिष्ठा समारोह तो खूब दिखाई देता है, लेकिन यह क्यों दिखाई नहीं देता कि पांच सौ साल पहले एक क्रूर आक्रांता ने यहां पहले से विद्यमान मंदिर को ढहाया था? ख़ासकर, पाकिस्तान को बहुत चिंता हो रही है कि अब भारत में लोकतंत्र, सेकुलरिज्म का क्या होगा! पाकिस्तान पहले खुद तो देखे कि उसके यहां कितना लोकतंत्र और सेकुलरिज्म है?

जिस देश में प्रधानमंत्री या तो फांसी के फंदे पर टांग दिए जाते हैं या बम से उड़ा दिए जाते हैं या निर्वासित जीवन जीने को मजबूर होते हैं, जहां फौजी तानाशाह कानून को बूटों तले रौंदकर जब चाहें 'शहंशाह' बन जाते हैं, वह देश हमें लोकतंत्र पर उपदेश दे रहा है! पाकिस्तानियों ने कभी लोकतंत्र देखा भी है? पाकिस्तान सेकुलरिज्म पर कैसे बात कर सकता है, जबकि वह खुद कट्टर व संकीर्ण विचारधारा से शासित है? पाकिस्तान में कभी 25 प्रतिशत अल्पसंख्यक हुआ करते थे, जो आज महज एक प्रतिशत रह गए हैं! वहां अल्पसंख्यक समुदाय का व्यक्ति कितना ही योग्य क्यों न हो, वह प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, सेना प्रमुख, खुफिया एजेंसियों का प्रमुख बन ही नहीं सकता। पाकिस्तान का कानून अल्पसंख्यकों को ये पद देने से साफ-साफ मना करता है। पाकिस्तान में एक हजार से ज्यादा बड़े मंदिर थे, जिनमें से ज्यादातर या तो ढहा दिए गए या उन पर अतिक्रमण कर लिया गया। पाकिस्तान पहले अपने अल्पसंख्यकों के उपासना स्थलों की तो परवाह कर ले! अयोध्या में श्रीराम मंदिर सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए बनाया गया है। इतिहास इस बात को अवश्य लिखेगा कि सनातन धर्मावलंबियों ने किस तरह सदियों तक त्याग, तपस्या और धैर्य के साथ प्रतीक्षा की थी! जब विदेशी आक्रांता ने तत्कालीन मंदिर को ढहाया था, तब कई लोगों ने कठोर संकल्प लिए थे। अयोध्या के आस-पास के इलाकों में ऐसे परिवार मिलेंगे, जिन्होंने सदियों से पगड़ी नहीं पहनी ... जूते नहीं पहने ... शादी में घोड़ी पर नहीं बैठे ... त्योहारों पर खास तरह के पकवान खाने बंद कर दिए ... क्योंकि उनके पूर्वजों ने कहा था कि जब इस स्थान पर भव्य मंदिर में रामलला पुनः विराजमान होंगे, उसी दिन हमारे संकल्प पूरे होंगे। वे संकल्प अब पूरे हुए हैं। पाकिस्तान तो भ्रमित देश है। वह अपने पूर्वजों के गौरव पर शर्मिंदगी महसूस करता है। इसलिए कभी खुद को अरबों से जोड़ता है तो कभी तुर्कों से! कभी वह अफगान बनने की कोशिश करता है, कभी ईरान में अपनी जड़ें तलाशता है। उसे ऐसा करने दें, लेकिन 'अंतरराष्ट्रीय मीडिया' खुद भ्रमित न हो। उसे श्रीराम मंदिर पर कुछ भी लिखने से पहले निष्पक्ष होकर इतिहास का अध्ययन करना चाहिए। अगर दुष्प्रचार करेंगे तो विश्वसनीयता समाप्त हो जाएगी, जो अभी संदेह के घेरे में है।

## ट्वीटर टॉक



गोवा मुक्ति आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बीकानेर, राजस्थान के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सत्य नारायण हर्ष के निधन की अत्यंत दुःखद सूचना प्राप्त हुई। ईश्वर पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें व शोकाकुल परिजनों को दुःख की इस घड़ी में संबल प्रदान करें।

**-राज्यवर्धनसिंह राठौड़**



प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन पर पूरा प्रदेश आनंदित है। हर जगह लोग खुशियां मना रहे हैं और विभिन्न प्रकार के आयोजन कर रहे हैं जो अद्भुत और असाधारण है। इसी कड़ी में जयपुर ग्रेटर नगर निगम द्वारा महाआरती और आतिशबाजी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

**दीया कुमारी**



अंग्रेजों के खिलाफ आज़ाद हिन्द फ़ौज का गठन कर उन्हें देश छोड़ने के लिए मजबूर करने वाले, जय हिन्द और तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा देने वाले महान स्वतंत्रता सैनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनका सादर नमन है।

**-सीपी जोशी**

## प्रेरक प्रसंग

# ईमानदारी की मिठास

रूस की राज्य क्रांति के बाद शासन की बागडोर क्रांति के नेता लेनिन के हाथ में आ गई। उन्होंने एक दिन राज्य के प्रमुख नागरिकों की बैठक आयोजित की। लेनिन की पत्नी ने सभी लोगों के लिए चाय तैयार की। सभी ने चाय को मुंह लगाया तो वह उन्हें फीकी मालूम हुई। कुछ तो फीकी चाय चुपचाप पीते रहे और कुछ धीमे-धीमे बातें करते रहे। लेनिन लोगों के हाव-भाव देखकर समझ गए कि सभी चाय के बारे में बातें कर रहे हैं। वह मुस्कराते हुए बोले, 'क्षमा करना अतिथियो, दरअसल चीनी खत्म हो गई है। इसलिए आपको फीकी चाय पीनी पड़ रही है।' बैठक समाप्त होने पर एक धनी व्यक्ति ने कुछ ही देर बाद उनके घर चीनी की एक बोरी भिजवा दी। चीनी की बोरी देखकर लेनिन ने अपने सचिव को बुलाया और बोले, 'किसी ने यह चीनी की बोरी भिजवाई है। इसे तुरंत सरकारी गोदाम में जमा करा दीजिए। यह राज्य की संपत्ति है। राज्य के संसाधनों के निजी उपयोग का हमें कोई अधिकार नहीं है। यदि हम ऐसा करते हैं तो भ्रष्टाचार करते हैं। भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की अपेक्षा हमें फीकी चाय पसंद है।' यह सुनकर उनकी पत्नी व सचिव दोनों ही लेनिन के प्रति नतमस्तक हो गए।

## सामयिक

# बालिकाएं गढ़ रही हैं सफलता के नवल आयाम

प्रमोद दीक्षित मलय
मोबाइल : 9452085234



**बालिकाएं समाज जीवन का निर्मल निर्झर प्रवाह हैं। बालिकाएं ऊर्जा हैं, सम्बल हैं, चेतना हैं। बालिकाएं ही राष्ट्र की प्राणधारा की संवाहिकाएं हैं। बालिकाएं युग के पृष्ठ पर शक्ति का अमिट हस्ताक्षर हैं। बालिकाएं जीवन का राग है, उत्सव हैं, फाग हैं, रचनात्मकता की आग हैं। बालिकाएं हैं तो समाज सुंदर है, सुवासित है, प्राणवान है।**

परिवार एवं समाज के विकास के लिए यह अत्यावश्यक है कि स्त्री और पुरुष दोनों के लिए समान रूप से शिक्षा और विकास के अवसर उपलब्ध हों। स्वास्थ्य एवं पोषण के मामले में कोई भेदभावपूर्ण व्यवहार न किया जा रहा हो। हालांकि देश के पिछले कुछ दशक समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में असमानता एवं गैरबराबरी के दौर से गुजरे हैं, लेकिन अब स्थिति बेहतर हो रही है जो अच्छा संकेत है। परिवार के विकास रथ का एक सबल पहिया होने के बावजूद स्त्री या बालिकाओं के प्रति समाज का नजरिया संकुचित एवं दोषपूर्ण था, जिसे भारत के लिंगानुपात से भलीभांति समझा जा सकता है। 2011 की जनगणना में पुरुष महिला लिगांनुपात 943 था। और पीछे की ओर चलें तो 933 (2001), 927 (1991), 934 (1981) रहा है, जिसका एक बड़ा कारण बालिका भ्रूण हत्या या नवजात कन्या हत्या, अशिक्षा, दहेज और पुरुष सत्तात्मक सोच थी। यदि बाल लिंगानुपात देखें तो 927 (2001) की अपेक्षा 919 (2011) घटा है। स्पष्ट है कि समाज में व्याप्त पुरुषवादी मानसिकता के कारण वंशबेल की वृद्धि हेतु पुत्र की कामना की जाती रही है और बेटी को पराया धन समझा जाता रहा है। स्त्री सशक्तिकरण की बातें तब तक बेमानी हो जाती है जब तक बालिकाओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और रोजगार के समान अवसर उपलब्ध नहीं हो जाते। इसके लिए जरूरी है कि बालिकाओं के प्रति व्याप्त असमानता एवं भेदभाव पूर्ण पारिवारिक एवं सामाजिक व्यवहार से सकल समाज मुक्त हो और बालक-बालिका के प्रति खान-पान एवं शिक्षा-दीक्षा के लिए समदृष्टि से एकसमान व्यवहार करे। लड़कियों द्वारा सामना की जा रही सभी प्रकार की असमानताओं और सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध जन-जागरूकता लाते हुए बालिका अधिकारों के प्रति समाज में चतुर्दिक चेतना का संचार एवं प्रचार-प्रसार करना ही एकमात्र विकल्प है। राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन इसी दिशा में उठाया गया एक सशक्त, सम्यक एवं सार्थक कदम है जिसके द्वारा समाज में जागरूकता बढ़ी है। 24 जनवरी को प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है क्योंकि देश में पहली बार एक स्त्री ने सरकार के नेतृत्व की कमान संभाली थी।


इंदिरा गांधी पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में 24 जनवरी, 1966 को पदारूढ़ हुई थीं। इंदिरा गांधी का नेतृत्व समाज और देश को दिशा देने वाला था और उनको एक शक्ति के रूप में याद किया जाता है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 2008 में 24 जनवरी को इंदिरा गांधी को शक्ति के रूप में याद करने एवं बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण के महत्व पर बल देने हेतु राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की थी। इस अवसर पर संपूर्ण देश में सरकारों द्वारा विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बालिका शिशु बचाने एवं बालिका लिंगानुपात बेहतर करते हुए बालिकाओं के आगे बढ़ाने के रास्ते पर आ रही चुनौतियां एवं बाधाओं को दूर करने का प्रयास किया जाता है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान इसी दिशा में एक सशक्त प्रयास है जिसके द्वारा स्कूल जाने वाली बालिकाओं की संख्या में खासी वृद्धि हुई है और माता-पिता अभिभावक बालिका शिक्षा के महत्व से परिचित हुए हैं। बालिकाओं की शिक्षा की निरंतरता के लिए आरंभ की गई सुकन्या समृद्धि योजना से बालिकाओं की शिक्षा में आ रही रुकावटों को दूर किया गया है। इसके साथ ही विभिन्न संस्थाओं द्वारा बालिकाओं को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाएं जाते हैं जिनसे प्रशिक्षित होकर बालिकाएं स्वरोजगार करते हुए समाज में स्त्री सशक्तिकरण के उदाहरण के रूप में देखी जा रही हैं।

आज समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में बालिकाओं ने न केवल पदार्पण किया है बल्कि उपलब्धियां और सफलताओं के नवल आयाम भी गढ़े हैं। अभी चंद्रयान 3 के सफल अभियान में वैज्ञानिकों की टीम में एक बड़ी संख्या महिलाओं की थी, जिससे देश का गौरव बढ़ा है। आज साहित्य, समाज सेवा, कला एवं संस्कृति, फिल्म, रंगमंच, विज्ञान, साहसिक खेल, पर्यटन, लोक साहित्य, विविध खेल, संगीत, शास्त्रीय नृत्य एवं सशस्त्र सेना आदि क्षेत्र में बालिकाएं अपनी प्रमुख भूमिका निर्वहन कर रही हैं। आज तमाम भारतीय महिलाएं बहुराष्ट्रीय कंपनियों की शीर्ष अधिकारी हैं।

यह दर्शाता है कि समाज में बालक-बालिका के बीच असमान व्यवहार समाप्ति की ओर है, किंतु लक्ष्य अभी बहुत दूर है, अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। जब तक बालिकाओं के साथ छेड़खानी, बलात्कार और हिंसक अपराध समाप्त नहीं हो जाते, जब तक बालिकाओं को उनके हक नहीं मिल जाते तब तक हम चुप नहीं बैठ सकते।

स्मरण रहे, बालिकाएं समाज जीवन का निर्मल निर्झर प्रवाह हैं। बालिकाएं ऊर्जा हैं, सम्बल हैं, चेतना हैं। बालिकाएं ही राष्ट्र की प्राणधारा की संवाहिकाएं हैं। बालिकाएं युग के पृष्ठ पर शक्ति का अमिट हस्ताक्षर हैं। बालिकाएं जीवन का राग है, उत्सव हैं, फाग हैं, रचनात्मकता की आग हैं। बालिकाएं हैं तो समाज सुंदर है, सुवासित है, प्राणवान है। बालिकाएं हैं तो जीवन का अर्थ है अन्यथा सब व्यर्थ है। बालिकाएं हैं तो शांति है, समृद्धि है, संतुष्टि है। बालिका दिवस के अवसर पर हम देश की हर बालिका के विकास पथ पर ज्ञान का आलोक बिखेर सकें, नेह का सम्बल दे सकें, यही कामना करता हूं।

## चिंतन



**अभी-अभी डीपफेक क्राइम का एक घिनौना और खतरनाक चेहरा सामने आया है। यह चेहरा कोई कम पढे-लिखे का नहीं है बल्कि टेक्रोक्रेट है जिसने इंजीनियरिंग की पढाई की थी। एक इंजीनियर को यह तो पता होता है कि वह जो वीडीओ और फोटो छेड़छाड कर तैयार कर रहा है वह सीधे तौर पर एक अपराध हे, अपराध भी घिनौने श्रेणी का है। अगर एक चर्चित अभिनेत्री का प्रसंग नहीं होता तो वह पकड़ा भी नहीं जाता। आंध्र प्रदेश का रहने वाला और इंजीनियरिंग की पढाई करने वाला मियां ईमानी ने चर्चित अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का घिनौना वीडीओ और फोटो बना दिया, किसी अन्य के फोटो और वीडियो में टेक्रोलॉजी का इस्तेमाल कर रश्मिका मंदाना का चेहरा लगा दिया ओर इस्टाग्राम पर फैला दिया।**

# आतंक और वसूली का हथकंडा बन गया डीपफेक

आचार्य विष्णु हरि
मोबाइल : 9315206123

चर्चित अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की छबि को शर्मसार करने के अपराधी मियां ईमानी की गिरफ्तारी के बाद डीपफेक क्राइम पहली बार गंभीर चर्चा में आया है। सच तो यह है कि डीपफेक क्राइम अब जानेलवा भी बन गया है, इसके चेहरे अनेक हैं, वसूली का हथकंडा भी बन गया है, छवि संहार का हथियार भी बन गया है, आतंकवाद का एक प्रारूप भी बन गया है। इनका शिकार आम आदमी से लेकर देश की बड़ी-बड़ी हस्तियां हो रही हैं। डीपफेक अपराधी जब प्रधानमंत्री को भी शिकार बनाने से पीछे नहीं हट रहे हैं तो फिर आम आदमी की बात ही बेकार है। एक तरह से डीपफेक अपराध जंगलराज का ही प्रतीक है, कानून के शासन का प्रहसन है, सरेआम वूसली, छबि खराब करने और आतंकवादी मानसिकता का प्रसार करने का सर्टिफिकेट है।

डीपफेक क्राइम का एक आतंकी प्रारूप देखिये। वर्ष 2015 की बात है। आधी रात को मेरी मेल आईडी पर एक फोटो आता है। एक मुस्लिम नेता मुझे चिढाने के लिए वह फोटो भेजता है। मैंने जब मेल आईडी खोल कर देखा तो मेरे होश उड गये। यह कैसे हो सकता है? यह तो सीधे-सीधे बनावटी फोटो है, अपमानित करने और छबि खराब करने के लिए यह फोटो बनाया गया है। यह फोटो तो सीधे तौर तकनीक अविष्कार का कमाल लगता है। फोटो क्या था? यह भी जान लीजिये। फोटो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पाकिस्तान का वैश्विक आतंकवादी हाफिज सईद का था। फोटो में नरेन्द्र मोदी चरणवंदना कर रहे हैं हाफिज सईद का। यानी की नरेन्द्र मोदी स्पष्ट रूप से हाफिज सईद का पैर छू रहे हैं। मुख्य मीडिया में इस तरह का कोई फोटो नहीं प्रसारित हुआ था। नरेन्द्र मोदी पाकिस्तान जरूर गये थे और नवाज शरीफ की पोती की शादी के कार्यक्रम जरूर शामिल हुए थे पर हाफिज सईद से उनकी कोई मुलाकात नहीं हुई थी। मुलाकात होती और नरेन्द्र मोदी ने उसकी चरणवंदना की होती तो निश्चित तौर पर उसकी खबर प्रिंट और इलेक्टॉनिक्स मीडिया में प्रसारित होती। हाफिज सईद पाकिस्तान का न केवल वैश्विक आतंकवादी है बल्कि भारत का भगौड़ा आतंकवादी भी है। हाफिज सईद कभी भारत की जेल में बंद था, वह भारत में जिहाद करने आया था और उसने आतंकवाद की कई हिंसक करतूत दिखायी थी, कश्मीर उसकी आतंकवाद की शरण स्थली थी। नेपाल से इंडियन एयर लाइंस के विमान अपहरण कांड में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार द्वारा उसकी रिहाई हुई थी, विमान से ले जाकर उसे काबूल छोडा गया था। मुंबई हमले में भी हाफिज सईद का हाथ था। भारत बार-बार पाकिस्तान से हाफिज सईद को सौंपने की मांग करता है। लेकिन पाकिस्तान उसका पालन पोषण करता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ ऐसी करतूत का अर्थ क्या था, संदेश क्या था, राजनीतिक और मजहबी नीति क्या थी? सीधे तौर पर इसके संदेश, अर्थ और नीति घिनौना और जहरीला था। सीधे तौर पर नरेन्द्र मोदी की छबि को धूमिल करने और अपमानित करने के ख्याल से बनाये गये थे जो आतंकवाद का ही एक प्रारूप था। आतंकवाद का प्रारूप कैसे था? आतंकवाद का प्रारूप दर्शाना क्या अतिवाद और अतर्कसंगत तो नहीं है? वास्तव में इसके पीछे की साजिश और आतंकवाद को देखना और समझना जरूरी है, इसके लिए देखने और समझने की दृष्टि सुक्ष्म होनी चाहिए, स्वतंत्र और निष्पक्ष होनी चाहिए, आतंकवाद समर्थक मानसिकता छोडनी होगी। नरेन्द्र मोदी ने न केवल आतंकवाद की गर्दन मरोडी बल्कि पाकिस्तान को सबक भी सिखाया है, एयर स्टाइक के साथ ही साथ अंतर्राष्टीय मंचों पर भी बेनकाब करने का साहस दिखाया। देश के अंदर पाकिस्तान समर्थक तबका और मजहबी आतंकवाद के समर्थक तबका इससे परेशान था। फिर इस तरह के तबकों ने नरेन्द्र मोदी की छबि खराब करने और जनता से विश्वास उठाने की नीति से तकनीक का सहारा लिया और हाफिज सईद की चरणवंदना कराने वाला फोटो बना कर प्रसारित कर दिया। सीधे तौर पर संदेश दे दिया था कि जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक आतंकवादी का पैर छूता है वह नरेन्द्र मोदी आतंकवाद का कैसे सफाया कर सकता है, पाकिस्तान को कैसे सबक सिखा सकता है? इस तरह फोटो प्रसारित कर नरेन्द्र मोदी के समर्थकों को शर्मसार करने की कोशिश की गयी, खिल्ली उडायी गयी, अंधभक्त के अपमान से ग्रसित किया गया था।

खासकर मजहबी आतंकवाद यानी मुस्लिम आतंकवाद आधुनिक समय में टेक्नोलॉजी का दुरूपयोग आसानी से कर रहा है और मानवता को कलंकित भी कर रहा है, कब्र भी खोद रहा है। टेक्नोलॉजी का सहारा लेकर आतंकवादी अपने मजहब को भडकाने के लिए फोटो और वीडीओ बना कर फैलाते हैं। कश्मीर के अंदर भारतीय सेना को बदनाम करने के लिए बनावटी और फर्जी फोटो और वीडीओ का सहारा लिया जाता है। ऐसे-ऐसे विभत्स और खतरनाक तथा हिंसक वीडियो और फोटो दिखाये जाते हैं, जिसको देख कर खून खोल जाता है। दुनिया की अलग-अलग जगहों की घटने वाली घटनाओं से संबधित वीडीओ और फोटो में बदलाव कर और छेड़छाड़ कर मकसद वाले जगहों पर चिपका देते हैं, दिखा देते हैं। देखने वाला हर व्यक्ति यह तय नहीं कर पाता कि इस श्रेणी के वीडियो सही में झूठे हैं और फेक हैं। आम-आदमी जो फोटो शॉप और वीडियो शॉप के कमाल से अनभिज्ञ है, आधुनिक टेक्नोलॉजी के हानिकारक पक्ष से अवगत नहीं है उसके लिए ऐसी श्रेणी के वीडीओ और फोटो सही ही लगते हैं।

अभी-अभी डीपफेक क्राइम का एक घिनौना और खतरनाक चेहरा सामने आया है। यह चेहरा कोई कम पढे-लिखे का नहीं है बल्कि टेक्नोक्रेट है जिसने इंजीनियरिंग की पढाई की थी। एक इंजीनियर को यह तो पता होता है कि वह जो वीडीओ और फोटो छेड़छाड कर तैयार कर रहा है वह सीधे तौर पर एक अपराध हे, अपराध भी घिनौने श्रेणी का है। अगर एक चर्चित अभिनेत्री का प्रसंग नहीं होता तो वह पकड़ा भी नहीं जाता। आंध्र प्रदेश का रहने वाला और इंजीनियरिंग की पढाई करने वाला मियां ईमानी ने चर्चित अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का घिनौना वीडीओ और फोटो बना दिया, किसी अन्य के फोटो और वीडियो में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रश्मिका मंदाना का चेहरा लगा दिया ओर इस्टाग्राम पर फैला दिया। इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि रश्मिका मंदाना की बहुत बदनामी हुई, उसे राखी सांवत और मल्लिका सेहरावत की श्रेणी की अभिनेत्री माने जाने लगा। रश्मिका मंदाना को अपने परिवार में भी शर्मसार होना पडा। रश्मिका मंदाना ने इसकी शिकायत दिल्ली पुलिस से की थी। दिल्ली पुलिस को पुलिस को कडी मेहनत करनी पडी थी। इसलिए कि अपराधी मियां ईमानी ने सारे सबूत मिटा दिये थे और इस्टाग्राम एंकाउट भी बंद कर दिये थे।

डीपफेंक क्राइम का शिकार सिर्फ रश्मिका मंदाना जैसी अभिनेत्री ही नहीं हुई है। बल्कि अन्य कई हस्तियां भी हुई डीप फेंक क्राइम का शिकार हुई है। इस श्रेणी में काजोल, आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ और क्रिकेट के महान खिलाडी सचिन तेन्दुलकर भी आते हैं, इन हस्तियों को भी डीपफेंक क्राइम का शिकार बनाया गया। डीपफेंक अपराधियों ने सचिन तेन्दुलकर की बेटी सारा को भी बदनाम करने की कोई कसर नहीं छोडी थी। इसी तरह का शिकार चमकते हुए क्रिकेट खिलाडी पृथ्वी शाह को बनाया गया था, पृथ्वी शाह से पैसे एंठने की भी कोशिश हुई थी। पृथ्वी शाह के प्रसंग में कुछ लडके और लडकियां गिरफ्तार भी हुए थे। अब तो नामी नेताओं और विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी हस्तियों के फेंक फोटो और वीडीओ आम बात हो गये हैं। कई ठग और अपराधी अपनी धाक जमाने के लिए प्रधानमंत्री, राष्टपति के साथ ही साथ अग्रणी हस्तियों के साथ अपने फोटो बनवा लेते हैं, वीडियो भी बना लेते हैं और आम जनता के बीच उसका दुरूपयोग कर धाक जमाते हैं।

सोशल मीडिया पर डीपफेंक अब तो पैसे उगाही करने, ब्लैक मेल करने और परेशान करने का धंधा चरम पर पहुंच गया है।

इसके शिकार कई लोगों ने आत्म हत्या जैसे कदम भी उठाया है। नोएडा में एक युवक इसी तरह से शिकार होने के बाद शर्मिंदगी से बचने के लिए आत्महत्या कर ली थी। सोशल मीडिया पर सरेआम वीडियो सेक्स करने का ऑफर आता है और वीडियो ओपन करने के कुछ देर बाद ही उधर से पैसे का डिमांड आ जाता है, पैसे नहीं देने पर तथाकथित वीडियो और फोटो सरेआम करने, परिवार वालों के पास भेजने की धमकी दी जाती है, नकली पुलिस वाले बन कर जेल जाने की धमकी भी पिलायी जाती है। खासकर बुजुर्ग लोग इसके शिकार अधिक होते हैं। इस तरह की शिकायतें सोशल मीडिया पर आम हो रही हैं। पुलिस में भी इसी तरह की शिकायत आम हो गयी हैं। पर छोटे लोगों की शिकायतों पर पुलिस उतनी सक्रिय नहीं होती है जितनी सक्रिय अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के प्रसंग में हुई। अगर रश्मिका मंदाना अभिनेत्री नही होती तो निश्चित मानिये कि मियां ईमानी जैसा घिनौना चेहरा गिरफ्तार ही नहीं होता।

डीपफेंक क्राइम को लेकर अब पुलिस, न्यायालय और सरकार को गंभीर और सख्त होने की जरूरत है। खासकर भारत सरकार को इसके खिलाफ सख्त कानून बनाने की आवश्यकता है। अभी तक भारत सरकार ने इस प्रसंग में अपनी उदासीनता नहीं तोड़ी है।

## महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कोटक लाइफ ने 'टीयूएलआईपी' लॉन्च किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाइफ) ने मंगलवारको टी.यू.एल.आई.पी (टर्म विद यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान) लॉन्च करने की घोषणा की। टी.यू.एल.आई.पी. एक यूनिट लिंक्ड टर्म इंश्योरेंस प्लान है जो ग्राहक को यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) की तरह रिटर्न अर्जित करने का अवसर देते हुए वार्षिक प्रीमियम का 100 गुना तक जीवन कवर प्रदान करता है। यह गंभीर बीमारियों और आकस्मिक मृत्यु से अतिरिक्त सुरक्षा भी प्रदान करता है। कोटक महिन्द्रा लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी के वरिष्ठ अधिकारी विवेक प्रकाश और हेमन्त कान्हावाला ने यहां संवाददाता सम्मेलन में इस प्लान के लांच की बात बताई। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, महेश बालासुब्रमण्यम ने विज्ञप्ति में बताया, 'ग्राहक केंद्रितता हमेशा कोटक लाइफ का डीएनए रहा है। ट्यूलिप हमारे ग्राहकों को टर्म प्लान की तरह व्यापक सुरक्षा प्रदान करता है और यूलिप की तरह उनकी संपत्ति बढ़ाने का अवसर भी प्रदान करता है। इसका उद्देश्य हमारे ग्राहकों की मुख्य वित्तीय जरूरतों का ख्याल रखना है। टी.यू.एल.आई.पी. व्यक्तियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है।'



# 'आर्या-3' का ट्रेलर जारी

**मुंबई/एजेन्सी**

सिने इतिहास को कालजयी फिल्म नीरजा देने वाले निर्देशक राम माधवानी इन दिनों अपनी वेब सीरीज आर्या को लेकर खासे सुर्खियों में हैं। डिज्नी प्लस हॉट स्टार पर आर्या के पहले दो सीजन प्रसारित हो चुके हैं। अब इसका तीसरा सीजन शीघ्र स्ट्रीम होने वाला है। राम माधवानी के निर्देशन में बनी इस सीरीज ने सुष्मिता सेन के करियर में एक नई उड़ान दी है।

इस सीरीज के आने के बाद सुष्मिता सेन को फिल्मों और वेब सीरीज में खासा काम मिलने लगा। उनकी पिछली प्रदर्शित फिल्म ताली थी, जिसे भी सीधे ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रदर्शित किया गया था। इस फिल्म को दर्शकों ने बहुत सराहा था, विशेष रूप से सुष्मिता सेन के अभिनय की दर्शकों ने दिल खोलकर तारीफ की थी। सुष्मिता सेन की चर्चित वेब सीरीज आर्या का तीसरा सीजन रिलीज के लिए तैयार है। आज 'आर्या 3' का ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें सुष्मिता सेन शेरनी जैसे तेवर दिखाती नजर आई हैं। ये सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर फरवरी में रिलीज होगी। आर्या-3 के ट्रेलर में सुष्मिता सेन अपने बच्चों को दुनिया से बचाती नजर आ रही हैं।



# ओटीटी प्लेटफार्म जी-5 पर स्ट्रीम होगी 'सैम बहादुर'

**मुंबई/एजेन्सी**

'सैम बहादुर' में विक्की कौशल की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई। 'एनिमल' से टक्कर के बावजूद 'सैम बहादुर' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा बिजनेस किया। इस फिल्म की कहानी सैम मानेकशॉ की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म को क्रिटिक्स से अच्छे रिव्यूज मिले। बड़े पर्दे पर सफल होने के बाद अब फिल्म ओटीटी पर आने के लिए तैयार है। सोमवार को ओटीटी प्लेटफॉर्म ने एक पोस्टर के साथ बताया कि फिल्म को कब से घर बैठे देख पाएंगे।

सिनेमाघरों में 'सैम बहादुर' 1 दिसंबर को रिलीज हुई थी। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर ओटीटी पर आएगी। फिल्म को जी5 पर देख सकेंगे। जी5 ने फिल्म के एक पोस्टर के साथ लिखा, 'एक दूरदर्शी लीडर, लीजेंड और एक सच्चा हीरो, सैम आपकी स्क्रीन पर राज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सैम बहादुर का प्रीमियर 26 जनवरी को जी5 पर।'

'सैम बहादुर' की कहानी मेघना गुलजार और भवानी अय्यर ने लिखी है। फिल्म में विकी कौशल, सान्या मल्होत्रा, फातिमा सना शेख और मोहम्मद जीशान अय्यूब हैं। फिल्म में भारत-पाकिस्तान का युद्ध भी दिखाया गया है जिसकी वजह से बांग्लादेश का निर्माण हुआ। 'सैम बहादुर' ने वर्ल्डवाइड 130 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म के बारे में मेघना गुलजार ने कहा कि 'सैम बहादुर' बनाना उनके लिए लाइफ चेंजिंग अनुभव है। उन्होंने कहा, 'जो लोग भी इसे देखेंगे सैम बहादुर की कहानी से उन सभी को प्रेरणा मिलेगी। मुझे पता था कि विकी कौशल ही इस रोल के लिए परफेक्ट हैं।

वह आसानी से किरदार में ढल जाते हैं। मेरा मानना है कि आइडल और रोल मॉडल टाइमलेस हैं।' फिल्म में संगीत शंकर-एहसान-लॉय का है। इसके लिरिक्स गुलजार ने लिखे हैं। बैकग्राउंड स्कोर केतन सोढ़ा ने दिया है। फिल्म का गाना बंदा हिट रहा। इस गाने को शंकर महादेवन ने अपनी आवाज दी।

# भले ही पाक आपत्ति करे, लेकिन सर्वविदित है कि सिंध अखंड भारत का हिस्सा था: मोहन

**भोपाल/भाषा**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार को कहा कि भले ही पड़ोसी देश पाकिस्तान आपत्ति करता हो लेकिन यह ज्ञात तथ्य है कि विभाजन से पहले सिंध और अन्य स्थान 'अखंड भारत' या अविभाजित भारत का हिस्सा थे।

उनका यह बयान उनकी उस टिप्पणी के तीन दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि अयोध्या में नए राम मंदिर का निर्माण 'अखंड भारत' की दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है।

यादव ने संवाददाताओं से कहा, भले ही पाकिस्तान लाख बार अपनी आपत्ति दर्ज कराए, लेकिन सभी जानते हैं कि जो विस्थापित लोग सिंध से शरणार्थी बनकर यहां पहुंचे...उससे पहले यह अखंड भारत ही था। उन्होंने कहा, ननकाना साहिब और अन्य स्थान अतीत में हमारे अखंड भारत का हिस्सा थे। पंजाब, सिंध, गुजरात, मराठा हमारे राष्ट्रगान में शामिल हैं। हम सिंध को इससे कैसे बाहर कर सकते हैं।

पहले भारत का हिस्सा रहा सिंध क्षेत्र विभाजन के बाद पाकिस्तान का हिस्सा बन गया। सिखों के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों में से एक ननकाना साहिब पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित है।

यहां एक कार्यक्रम से इतर जब मुख्यमंत्री से पूछा गया कि पाकिस्तान द्वारा उनकी अखंड भारत टिप्पणी पर आपत्ति जताई जा रही है तो उन्होंने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद सांस्कृतिक अखंड भारत का हमारा सपना हजारों वर्षों के सपने का साकार होना है। इसलिए किसी के भी इस पर आपत्ति करने से यह (अखंड भारत) लुप्त नहीं हो जाएगा। यह हमेशा रहेगा।

## प्रदर्शन



अगरतला में नेताजी सुभाष विद्यानिकेतन के छात्रों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदर्शन किया।

# रामलला के विग्रह को 'बालक राम' के नाम से जाना जाएगा

**अयोध्या/भाषा**

अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा की गई रामलला की मूर्ति को 'बालक राम' के नाम से जाना जाएगा। इस विग्रह का नाम 'बालक राम' इसलिए रखा गया है क्योंकि भगवान पांच वर्ष के बच्चे के रूप में खड़ी मुद्रा में स्थापित किए गए हैं।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जुड़े एक पुजारी अरुण दीक्षित ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि ''भगवान राम की मूर्ति, जिसका अभिषेक 22 जनवरी को किया गया था, का नाम 'बालक राम' रखा गया है। भगवान राम की मूर्ति का नाम 'बालक राम' रखने का कारण यह है कि वह एक बच्चे की तरह दिखते हैं, जिनकी उम्र पांच साल है। उन्होंने कहा, पहली बार जब मैंने मूर्ति देखी, तो मैं रोमांचित हो गया और मेरे आंखों से आंसू बहने लगे।

उस समय मुझे जो अनुभूति हुई, उसे मैं बयां नहीं कर सकता। लगभग 50-60 प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान करा चुके काशी के पुजारी दीक्षित ने कहा, अब तक किए गए सभी प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठानों में से, यह मेरे लिए सबसे 'अलौकिक ' और 'सर्वोच्च' है। उन्होंने कहा कि उन्हें मूर्ति की पहली झलक 18 जनवरी को मिली थी। मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा



सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में एक भव्य समारोह में की गई। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक नए युग के आगमन का प्रतीक है। रामलला की पुरानी मूर्ति, जो पहले एक अस्थायी मंदिर में रखी गई थी, को नई मूर्ति के सामने रखा गया है। लाखों लोगों ने अपने घरों और पड़ोस के मंदिरों में टेलीविजन पर 'प्राण प्रतिष्ठा (अभिषेक)' समारोह को देखा और लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले आयोजित 'ऐतिहासिक' कार्यक्रम का हिस्सा बने।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार, विग्रह के लिए आभूषण अध्यात्म रामायण, वाल्मीकि रामायण, रामचरितमानस और अलवंदर स्तोत्रम जैसे ग्रंथों के गहन शोध और अध्ययन के बाद तैयार किए गए हैं। रामलला ने बनारसी वस्त्र धारण किए हैं जिसमें एक पीली धोती और एक लाल 'अंगवस्त्रम' है। 'अंगवस्त्रम' को शुद्ध सोने की 'जरी' और धागों से तैयार किया गया है जिसमें शुभ वैष्णव प्रतीक 'शंख', पद्म', चक्र' और 'मयूर' शामिल हैं।

ट्रस्ट के मुताबिक आभूषण अंकुर आनंद के लखनऊ स्थित हरसहायमल श्यामलाल ज्वैलर्स द्वारा तैयार किए गए हैं, वहीं परिधान दिल्ली स्थित कपड़ा डिजाइनर मनीष त्रिपाठी द्वारा तैयार किए गए हैं। ट्रस्ट ने बताया कि मैसूर स्थित मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा तराशी गई 51 इंच की इस मूर्ति को तीन अरब साल पुरानी चट्टान से बनाया गया है। नीले रंग की कृष्णा शिल (काली शिस्ट) की खुदाई मैसूर के एचडी कोटे तालुका में जयापुरा होबली में गुज्जेगौदानपुरा से की गई थी।

ट्रस्ट के मुताबिक यह एक महीन से मध्यम दाने वाली, आसमानी-नीली मेटामर्फिक चट्टान है, जिसे आम तौर पर इसकी चिकनी सतह की बनावट के कारण सोपस्टोन कहा जाता है और यह मूर्तिकारों के लिए मूर्तियां बनाने के लिए आदर्श है। कृष्ण शिला रामदास (78) की कृषि भूमि को समतल करते समय शिला मिली थी और एक स्थानीय ठेकेदार, जिसने पत्थर की गुणवत्ता का आकलन किया था, ने अपने संपर्कों के माध्यम से अयोध्या में मंदिर के ट्रस्टियों का ध्यान आकर्षित किया।



# कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' 14 जून को रिलीज होगी

**मुंबई/भाषा**

अभिनेत्री कंगना रनौत की नयी फिल्म 'इमरजेंसी' 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म में अभिनेत्री पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में दिखेंगी। अभिनेत्री ने एक बयान में कहा, '''इमरजेंसी' मेरी सर्वाधिक महत्वाकांक्षी फिल्म है और 'मणिकर्णिका' के बाद दूसरी निर्देशित फिल्म है।

हमारी इस बड़े बजट, भव्य पीरियड ड्रामा के लिए सर्वश्रेष्ठ भारतीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाएं एक साथ आई हैं।'' फिल्म पहले 24 नवंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी लेकिन रनौत के कार्यक्रम में बदलाव के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।

फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फिल्म्स ने किया है। फिल्म में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी हैं। फिल्म 'पिंक' से मशहूर रितेश शाह ने इसकी पटकथा और संवाद लिखे हैं।

# हमें हर धर्म का आदर करना चाहिए : धर्मेन्द्र

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता धर्मेन्द्र ने कहा है कि मातृभूमि पर शांति और समृद्धि बनाए रखने के लिए हमें हर धर्म का आदर करना चाहिए। राम लला के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के पूरा होने के बाद देश में खुशी का माहौल है। बॉलीवुड सितारे भी राम लला की प्राण प्रतिष्ठा पूरी होने पर खुशी जाहिर कर रहे हैं।धर्मेंद्र ने मंदिर की एक बेहद ही प्यारी फोटो शेयर करते हुए लिखा, जय श्री राम' एकता और भाईचारे का पैगाम। शांति-सुकून, दोस्तों, हमारी मातृभूमि पर शांति और समृद्धि बनाए रखने के लिए हमें हर धर्म का आदर करना चाहिए।



धर्मेन्द्र के पुत्र अभिनेता सनी देओल ने 'अयोध्या' से राम मंदिर का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने भव्य मंदिर सजते हुए दिखाया।सनी देओल ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एंट्री गेट से लेकर भव्य मंदिर के साज-सजावट तक का पूरा दृश्य फैंस देख सकते हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए सनी देओल ने कैप्शन में लिखा, जय श्रीराम। हेमा मालिनी ने ट्वीट करते हुए लिखा, दुनिया बड़ी ही बेसब्री के साथ राम लला प्राण प्रतिष्ठा के उस समय का इंतजार कर रही है, जब वह अपने सही स्थान 'अयोध्या' में लौटेंगे। इस उत्साह भरे माहौल में मैं भी यहां पर मौजूद हूं। जब हर शख्स 'जय श्री राम' के नारे लगा रहा है, तो मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं।



# नाना पाटेकर, राजपाल यादव ने मुख्यमंत्री से भेंट की

**शिमला/वार्ता**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से प्रसिद्ध अभिनेता नाना पाटेकर और राजपाल यादव, निर्माता अनिल शर्मा तथा जर्नी फिल्म के अन्य यूनिट सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की। सुक्खू ने कहा कि सरकार हिमाचल प्रदेश में फिल्म निर्माण को प्रोत्साहन दे रही है।

हिमाचल प्रदेश अपनी समृद्ध संस्कृति, इतिहास और नयनाभिराम स्थलों के लिये विख्यात हैं। फिल्म निर्माण की दृष्टि से हिमाचल प्रदेश को पसंदीदा गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिये सरकार ने एक व्यापक फिल्म नीति तैयार की है। इसके तहत सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग में एक फिल्म सुविधा केंद्र स्थापित किया जाएगा जो एकल खिड़की के

रूप में कार्य करेगा और इसके माध्यम से तीन कार्य दिवस के भीतर ऑनलाइन प्रक्रिया से सभी स्वीकृतियां और फिल्म निर्माण संबंधी अनुमतियां सुनिश्चित की जायेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार फिल्म निर्माताओं को बेहतर सुविधायें प्रदान करने के साथ-साथ बेहतरीन और अधिक विकसित शूटिंग स्थल उपलब्ध करवायेगी। राज्य सरकार फिल्म इकाइयों को प्रदेश में फिल्मों की आउटडोर शूटिंग के लिये विभिन्न भागों में स्थित हवाई पट्टियों और हेलीपेड का उपयोग करने की मंजूरी भी देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कम से कम 50 प्रतिशत तक फिल्माई गयी उत्कृष्ट फिल्मों के लिये सरकार वार्षिक फिल्म पुरस्कार स्थापित करने पर भी विचार कर रही है। राज्य सरकार फिल्म महोत्सवों, पुरस्कारों और अन्य गतिविधियों के आयोजन के लिये एक फिल्म विकास निधि भी गठित करेगी।

# 26 को रिलीज होगी फिल्म 'हिंदुत्व'

**मुंबई/वार्ता**

टैग प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फिल्म हिंदुत्व ओटीटी प्लेटफॉर्म मास्क टीवी पर 26 जनवरी को रिलीज होगी। फिल्म हिंदुत्व के निर्माता चिरंजीवी भट्ट और अंजू भट्ट हैं। हिंदुत्व में किशोरवय को प्राप्त एक ऐसी युवती की कहानी कही गई है, जो अपनी संस्कृति को भुलाकर पाश्चात्य जगत की चकाचौंध में अपने अस्तित्व को ही नकारात्मक रूप से देखने लगती है ।

उसको समझाने के लिए एक युवा जो धर्मनिष्ठ भी है और शिक्षित भी है वो अपने शिक्षण स्थल से ही इस हिंदुत्व के अलख को जगाता है और आखिर में युवती को उसकी असलियत से रूबरू कराकर हिंदुत्व के असली रूप से दर्शन कराता है।



हिन्दुत्व के लेखक ऋषील जोशी और निर्देशक करण राजदान है। फ़िल्म में श्वेता राज के लिखे गीत पर संगीत रवि शंकर ने दिया है।इस फिल्म के गानो में अनूप जलोटा ,दलेर मेहदी मधुश्री, दिव्या कुमार, और मास्टर सलीम ने आवाज दी है।हिंदुत्व में आशीष शर्मा , सोनारिका भदौरिया, अनूप जलोटा, दीपिका चिखलिया, गोविंद नामदेव की अहम भूमिका है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जिस प्रकार फूलों में सर्वश्रेष्ठ गुलाब होता है वैसे ही गुरुओं में भी सर्वश्रेष्ठ है गुरु राजेन्द्रसूरीश्वरजी। गुरु का उपकार जिस पर हो जाता है उसका कल्याण हो जाता है। गुरु हमेशा पुण्य से व पुण्यशाली को मिलते हैं और जिसको भी मिलते है उसका जीवन सफल हो जाता है। राजेन्द्र सूरी ने जिनशान के लिए अनेक कार्य किए तथा उन्हें अनेक पदवियों से नवाजा गया परन्तु उन्होंने कभी की पद व पदवी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राजेन्द्र सूरी एवं सरल व तपस्वी संत थे।

**राम महोत्सव** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयंबटूर में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में सभी के आराध्य श्री राम के राज्याभिषेक के मौके पर विप्र फाउन्डेशन जोन 17 कोयम्बटूर चैप्टर द्वारा श्री खेतारामजी मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ, आरती व प्रसाद का वितरण किया गया। सोमवार को दीपावली की तरह धूमधाम से उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में विफा प्रदेशाध्यक्ष डॉ श्रवण बोहरा, कोयंबतूर शाखा के अध्यक्ष मगनलाल रावल, रघुनाथ शर्मा, केशवकुमार दुबे, निर्मल शर्मा, हस्तीमल वैष्णव, रितेश दवे, संदीप बोहरा व अन्य सदस्यों ने भाग लिया।



# प्रतिमाओं की धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। यहां संतों के सान्निध्य में सोमवार को प्रतिमाओं का वरघोड़ा निकाला गया। कोयम्बटूर जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ द्वारा आचार्यश्री जिनमणि प्रभसूरीश्वरजी म. सा. के निर्देशानुसार गणिवर्य श्री मेहुलप्रभश्रीजी म. सा. एवं मुनिश्री मंथनप्रभसागरजी म. सा. के सान्निध्य में पोनूरंगम रोड़ स्थित श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में जनसैलाब में पुरुष सफेद वस्त्रों में तथा महिलाएं लाल चुदंड़ी में शामिल हुए। लकड़ी के रथ पर प्रभु की प्रतिमाओं को विराजित कर बैलों से रथ खींचा गया। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए खरतरगच्छ संघ भवन पहुंची।

यहां धर्मसभा में गणिवर्यश्री मेहुलप्रभसागरजी ने कहा कि आज अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। वहीं अयोध्या जैन धर्म के अनुसार अवसर्पिणि काल में प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव की जन्म स्थली रही। उनके ज्येष्ठ पुत्र भरत इस क्षेत्र के प्रथम चक्रवती राजा बने। उनकी राजधानी अयोध्या थी। ऋषभदेवजी के बाद द्वितीय तीर्थंकर श्री अजीतनाथ, चतुर्थ श्री अभिनंदन स्वामी, पंचम श्री सुमतिनाथ एवं चतुदश श्री अनंतनाथजी का जन्म स्थान अयोध्या ही रहा है। तीर्थंकर अजितनाथजी के पुत्र इस भूमि के द्वितीय चक्रवती श्री सागर का जन्म भी अयोध्या में ही हुआ था। यह सभी वर्णन त्रिषठी शलाका पुरुष चरित्र में मिलता है। श्रीराम 63 शलाका पुरुषों में से एक हैं। उन्होंने दीक्षा लेकर केवलज्ञान प्राप्त कर मोक्ष गमन किया। इस प्रकार जैन दर्शन के अनुसार श्रीराम सिद्ध परमेष्ठी रूप सर्वोच्च पद पर विराजित हैं। आज पूरा देश एक नई ऊर्जा के साथ दीपावली मनाने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि जैन धर्म में रावण को भी पूजनीय बताया गया है। रावण की प्रभु भक्ति उच्च कोटि की थी। वह भक्ति के स्वरूप थे।

धर्मसभा में सभी का स्वागत संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र गोलेछा ने किया। संचालन श्यामसुन्दर लूनिया ने किया। अनेक लाभार्थी परिवारों ने अपने अपने कार्यों का निष्पादन किया। संघ की ओर से सभी लाभार्थियों का सम्मान किया गया।

# रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरी तरह आध्यात्मिक था: रजनीकांत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। जाने माने अभिनेता रजनीकांत ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरी तरह से आध्यात्मिक था और उन्हें इस बात की खुशी है कि उन्हें प्रभु के दर्शन करने वाले पहले जत्थे में शामिल होने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि लोगों के अलग-अलग विचार है लेकिन उन्हें लगता है कि यह पूरी तरह से आध्यात्मिक कार्यक्रम था।



विपक्ष ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को राजनीतिक आयोजन बनाए जाने के आरोप लगाए हैं। संवाददाताओं ने रजनीकांत के यहां पहुंचने के बाद उनसे इसी संबंध में सवाल किया जिसके जवाब में उन्होंने कहा, जहां तक मुझे लगता है तो यह आध्यात्मिक कार्यक्रम है।

जब एक संवाददाता ने दोबारा यही प्रश्न पूछा तो उन्होंने कहा, मैं पहले ही उत्तर दे चुका हूं। यह आध्यात्मिक कार्यक्रम था। उन्होंने कहा, मैंने बहुत अच्छे से दर्शन किए, मैं सबसे पहले दर्शन करने वाले 150 लोगों में शामिल था। मैं बहुत खुश हूं। यह ऐतिहासिक घटना आध्यात्मिक है।

रजनीकांत ने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि हर व्यक्ति एक जैसे विचार रखता हो। उन्होंने कहा, (जो इसे राजनीतिक कह रहे हैं) यह उनका विचार है। मेरा कहना है कि यह आध्यात्मिक है। कांग्रेस और वामपंथी दलों ने सोमवार को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार किया था।



# राम मन्दिर प्रतिष्ठा पर सुन्दरकाण्ड पाठ में उमड़े श्रद्धालु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन और जैन डेवलपमेंट फोरम के संयुक्त तत्वावधान में कारंजे आंजनैया मन्दिर बसवनगुड़ी में रामलला के मन्दिर की प्रतिष्ठा के अवसर पर सुन्दरकाण्ड पाठ का गायन परमानंद शर्मा, विनोद शर्मा, प्रकाश शर्मा, श्रीकांत शर्मा, नित्यानंद शर्मा आदि द्वारा किया गया। फेडरेशन के अध्यक्ष बाबूभाई मेहता, महामंत्री प्रशांत सिंघी व फोरम के मंत्री ललित डाकलिया, डॉ वासुदेव सारडा और शेखर भंसाली धीरेन्द्र कुमार व अशोक मेहता ने दीपप्रज्ज्वलन कर सुन्दरकाण्ड पाठ का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर आईवीएफ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बिपिनराम अग्रवाल सहित अनेक फेडरेशन व फोरम के अनेक सदस्यों ने रामलला उत्सव में भाग लिया। बिपिनराम अग्रवाल द्वारा राम दरबार मुद्रित रजत मुद्रा जारी की गई।





# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। महानगर के साहुकारपेट क्षेत्र के मिन्ट स्ट्रीट स्थित श्री सनातन धर्म विद्यालय में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालय अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, विद्यालय सचिव एसपी बाहेती, संयुक्त सचिव एसके तोदी, प्राचार्या एस लता, एमएफएसडी सचिव विजय कुमार महेश्वरी, अन्य समिति सदस्यों, समिति की अन्य दो विद्यालय के प्राचार्य-प्राचार्या, शिक्षिकाओं और छात्राओं तथा अभिभावकों ने मिलकर रामलला की शोभायात्रा में अलौकिक आनंद प्राप्त किया।

शोभा यात्रा का आगाज साहुकारपेट के महाशक्ति होटल से बैंड बाजे के साथ नाचते झूमते श्रीराम के जयघोषों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की पालकी सजाई गई। विद्यालय प्रांगण में पालकी को उतारा गया और सभी सदस्यों ने रामलला की पूजा और आरती की। विद्यालय का उद्देश्य छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना रहा है। उसीके तहत आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करना विद्यालय अपना कर्तव्य समझती है। रामायण के आधार पर विद्यालय में अन्तर्विद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुल दस विद्यालयों ने भाग लिया। जिसमें मुख्य तौर पर तमिल, हिन्दी, अंग्रेज़ी भाषण प्रतियोगिता, भजन, नृत्य-संगीत और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। छात्राओं द्वारा रामायण नाटिका प्रस्तुत की गयी।



# ट्रेंडिंग फैशन कलेक्शन के साथ रोमांचित करने के लिए तैयार हाई लाइफ प्रदर्शनी

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। हाई लाइफ प्रदर्शनी भारत के सबसे ट्रेंडिंग फैशन कलेक्शन के साथ रोमांचित करने के लिए तैयार है।

आयोजकों ने बताया कि हाई लाइफ बेंगलूरु में फ़ैशन और कला का ख़ज़ाना लेकर आई है। इसका आग़ाज़ 25 जनवरी को 'द ललित अशोक' में होगा। यह तीन दिवसीय आयोजन 27 जनवरी को संपन्न होगा। आयोजकों ने बताया कि नए सीज़न की शुरुआत हाई फैशन के साथ करें, चूंकि भारत का सर्वश्रेष्ठ फैशन शोकेस हाई लाइफ प्रदर्शनी वापस आ गई है। यहां डिज़ाइनर परिधान, आभूषण, दुल्हन के परिधान, फैशन एक्सेसरीज़ और शानदार रेंज के साथ कई आकर्षक उत्पाद उपलब्ध होंगे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**लड्डू वितरण**

बेंगलूरु के विजयनगर में स्थित श्री कोदंडाराम मंदिर सनातन भक्त मंडली ट्रस्ट द्वारा सोमवार को अयोध्या में भगवान श्री राम के नवनिर्मित मंदिर के अभिषेक के उपलक्ष्य में रामजी के मंदिर में भगवान का अभिषेक और दीपोत्सव का आयोजन किया। इस मौके पर उपस्थित सभी भक्तों को लड्डु का वितरण किया गया। कर्नाटक सरकार के पूर्व मंत्री एवं विजयनगर के विधायक एम कृष्णाप्पा उनके पुत्र प्रदीप कृष्णप्पा द्वारा महा मंगलआरती की और महाप्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर मंदिर के सचिव गोपीलाल शर्मा एवं अध्यक्ष रामदास आदि ने अतिथियों का सम्मान किया।



# राकेश पुनमिया बने महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के वर्धमान प्रसादी के लाभार्थी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जैन युवा संगठन द्वारा प्रतिवर्ष सामूहिक रुप से प्रभु महावीर जन्म कल्याणक का आयोजन गत 35 वर्षों से किया जाता आ रहा है। इसी कड़ी में आगामी 2623वें जन्म कल्याणक के वर्धमान प्रसादी के लाभार्थी बनने के लिए इन्टरालाइफ कम्पनी के राकेशकुमार हिमांशु पुनमिया परिवार ने स्वीकृति प्रदान की है। इस अवसर पर अध्यक्ष महेंद्र बागरेचा ने संगठन कर गतिविधियों की जानकारी दी तथा मंत्री मदन मुणोत वर्धमान प्रसादी के लाभार्थी परिवार के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

इस अवसर पर लाभार्थी परिवार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष दिनेश खिंवेसरा, उपाध्यक्ष महावीर मुणोत, कोषाध्यक्ष मुकेश सुराणा, पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश बाबेल व दिलीपसंचेती, पूर्व सहमंत्री एवं भोजन कुकिंग समिति के चेयरमैन विपुल पोरवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# अन्न की बर्बादी को रोकना हमारा कर्त्तव्य है : विनयमुनि खिंचन

**बेंगलूरु।** स्थानीय श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में महावीर भवन अलसूर में आयोजित प्रवचन में संतश्री विनयमुनिजी खींचन ने कहा कि अन्न को जीवन माना जाता है। भोजन में जूठन छोड़ना अन्न का अपमान है और यह हमारी संस्कृति और सभ्यता का दिवालियापन है। भाषा भी जीवन का परिचय हैं।भाषा से गंदगी फैलाना वचन पुण्य का अपमान है। यह भी हमारी संस्कृति और सभ्यता तथा संस्कारों का दिवालियापन हैं। हमारी वाणी मीठी हो, सार्थक हो, अर्थ पूर्ण और सर्व प्रिय हो।

**राम उत्सव** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में टीवीएस लुम्बिनी स्क्वायर ओनर्स एसोसिएशन द्वारा अयोध्या में हुए राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक उत्सव मनाया गया। पूरी बिल्डिंग को जगमगाती रोशनी से सजाया गया। सुबह मंदिर में पवित्र अभिषेकम किया गया। सुन्दर कांड का आयोजन किया गया। अयोध्या में हुए राम लला प्रतिष्ठा का एक बड़ी स्क्रीन पर प्रसारण किया जिसे एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने मिलकर देखा। सभी 450 फ्लैटों में प्रसादम और दिया का वितरण किया गया। शाम को सभी ने दिए जलाए। पटाखा से आतिशबाजी का शानदार शो किया गया। पवन गोयल और संजय भंसाली ने कार्यक्रम में विशेष सहयोग दिया।

**पदयात्रा** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत




मायावरम में तमिलनाडु भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के. अन्नामलाई पहुंचे। 'मेरी मिट्टी मेरी जनता पदयात्रा के दौरान सभी जगह उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रवासी राजस्थानी प्रकोष्ठ की ओर से रामगोपाल धनोपिया, मनोज जैन, उमाशंकर शर्मा, दलपत सिंह, राजेश चौधरी ने अन्नामलाई का स्वागत किया और उनके साथ पदयात्रा में भाग लिया।

# नेताजी की सैन्य गतिविधियों से देश को आजादी मिली : तमिलनाडु के राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने मंगलवार को कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की सैन्य गतिविधियों के कारण सशस्त्र बलों में विद्रोह हुआ जिससे भारत को ब्रिटिश शासन से आजादी मिली और दावा किया कि 1942 के बाद महात्मा गांधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन बहुत प्रभावी' नहीं था। उन्होंने यह भी दावा किया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का असहयोग आंदोलन असफल हो गया था।



यहां अन्ना विश्वविद्यालय में पराक्रम दिवस के तौर पर मनाई गई बोस की 127वीं जयंती के अवसर पर रवि ने कहा, महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन का अंग्रेजों पर प्रभाव 'न्यूनतम' था। इसे एटली ने स्वीकार किया था (पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता देने के निर्णय पर हस्ताक्षर किए थे)। राज्यपाल ने इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय सेना (आईएनए) के सैनिकों को सम्मानित किया। रवि ने राष्ट्रीय हित में नेताजी पर विस्तृत शोध का आह्वान किया, क्योंकि उनके काम को पर्याप्त रूप से न तो लोगों के सामने प्रस्तुत किया गया था और न ही पर्याप्त रूप से समझा गया। उन्होंने कहा कि निष्कर्षों को बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुंचाया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा, मैं कहूंगा कि यदि नेता जी नहीं होते तो भारत 1947 में आजाद नहीं होता क्योंकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का असहयोग आंदोलन विफल हो गया जबकि 1942 के बाद महात्मा गांधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन प्रभावकारी नहीं था। दूसरी ओर, मुहम्मद अली जिन्ना के नेतृत्व में मुस्लिम लीग एक अलग देश के लिए लड़ रही थी। उन्होंने कहा, हम विभाजित थे और अंग्रेज इसका आनंद ले रहे थे क्योंकि 1942 के बाद भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ कोई सार्थक प्रतिरोध नहीं था।

रवि ने कहा कि बोस के सैन्य प्रतिरोध के अलावा अंग्रेजों को भारत में रहने में कोई समस्या नहीं थी। इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष के.एस. अलागिरी और वाम दलों ने स्वतंत्रता संग्राम में गांधी की भूमिका को कमतर आंकने के लिए राज्यपाल की आलोचना की।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.